हरिभूमि
रायपुर भूमि
रायपुर, गुरुवार 16 जनवरी 2025



## खबर संक्षेप

### कांग्रेस नपं चुनाव : बंजारे पर्यवेक्षक बने



**सिलयारी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज एवं प्रदेश कांग्रेस संगठन प्रभारी मलकीत सिंह गेन्दू ने नगरीय निकाय चुनाव में खरोरा नगर पंचायत परिषद के लिए राजेन्द्र पप्पू बंजारे पूर्व जनपद अध्यक्ष धरसींवा को चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। धरसीवा जनपद पंचायत के पूर्व जनपद सदस्य जयंत साहू ने राजेंद्र पप्पू बंजारे को खरोरा नगर पंचायत के पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाने पर राजेंद्र बंजारे को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दायित्व श्री बंजारे जी के नेतृत्व, समर्पण और कर्मठता का प्रतीक है।

## निधन

### सुमिरत देवी



**तिल्दा नेवरा।** ब्लॉक के ग्राम कोनारी निवासी श्रीमती सुमरित देवी (102) का निधन हो गया, वे हरिहर ऑक्सीजोन के संयोजक भुवन वर्मा एवं केजुराम, हीराराम व जितेंद्र की माता थी। उनके अंतिम संस्कार में भारी संख्या में नागरिक गण उपस्थित हुए।

### जगदीश प्रसाद चंद्राकर



**आरंग।** ग्राम अमेठी निवासी जगदीश प्रसाद चंद्राकर (90) का शनिवार को निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार में परिजन एवं ग्रामीण शामिल हुए। वे सोहद्रा चंद्राकर के पति, लीलाधर प्रसाद चंद्राकर के पिता थे।

## कार्यक्रम : पढ़ाई के साथ खेलकूद पर भी ध्यान दें

# मांढर स्कूल के वार्षिकोत्सव में नृत्य-गीत और कविता पाठ की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा



ब्लाक मुख्यालय धरसींवा के ग्राम मांढर स्थित शासकीय नवीन प्राथमिक शाला में बुधवार को नंन्हे बालको व विद्यालय परिवार द्वारा स्कूल में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय जनपद सदस्य डाक्टर प्रकाश वर्मा उपस्थित रहें।

सर्वप्रथम उन्होंने स्कूल प्रबंधन समिति के साथ मां भारती एवं मां सरस्वती की छाया चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात स्कूल प्रबंधन समिति के द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट स्वागत करते हुए मोमेंटो से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए मुख्यातिथि डाक्टर प्रकाश वर्मा ने अपनी उम्दा उद्बोधन में कहा कि आप अपनी लक्ष्य प्राप्ति की बेहतर बनाये और कैरियर पर विशेष ध्यान दे साथ ही श्री वर्मा ने बच्चो को टिप्स बताए। डाक्टर प्रकाश वर्मा ने छात्र छात्रों से कहा कि वे लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करे। समय का सदुपयोग करें। पढ़ाई में ध्यान दे। साथ ही छात्र छात्राओं के बेहतर भविष्य की कामना भी की। खेल हो या पढ़ाई दोनो जरूरी है। लेकिन कॅरियर बनाने के लिए मेहनत जरूरी है। लगातार मन लगाकर पढ़ाई करें।इस अवसर् पर वार्षिकोत्सव में छात्राओं ने अपने सांस्कृतिक कार्यक्रम में मनमोहन नृत्य और गीत संगीत और भाषण, कविता आदि की प्रस्तुत देकर सब का मनमोह लिया।

डॉ. सत्यप्रकाश वर्मा जी (सभापति)जनपद पंचायत धरसींवा,सरपंच श्रीमती दश्मत ध्रुव, प्रधान पाठक श्री पूनारद राम यादव , श्री मनीष धीवर, हनुमंत आडिल अध्यक्ष शाला विकास समिति अध्यक्ष) विद्यालय मांढर , मानस पूरी गोस्वामी अध्यक्ष शाला विकास समिति, श्रीमती पुष्पा वर्मा , सन्नी साहू ,शीक्षकवृन्द मिथलेशवरी तिवारी ,प्रीति वर्मा , श्रीमती हीरामणि वर्मा , श्रीमती दीपकला पैकरा सहित पालक मौजूद रहे।

# बस की ठोकर से एक बाइक सवार की मौत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

तुलसी में पेट्रोल पंप के पास बस की टक्कर से दोपहिया सवार एक की मौत, एक घायल नेवरा पुलिस ने किया मामला दर्ज। आज सुबह लगभग 10:00 बजे ग्राम तुलसी नेवरा पेट्रोल पंप के सामने दोपहिया वाहन और स्कूली बस में टक्कर हो गई जिससे दोपहिया वाहन सवार एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई वहीं एक घायल हो गया जिसे रायपुर रिफर किया गया है।

नेवरा थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह श्याम ने बताया की दोपहिया वाहन क्रमांक सीजी 04 एन एस 9456 में सवार होकर ईश्वर साहू पिता घनश्याम साहू उम्र 21 वर्ष ग्राम खपरीकला एवं विजय कुमार साहू पिता घासीराम साहू उम्र 50 वर्ष बिरगांव रायपुर निवासी तिल्दा से खरोरा की तरफ जा रहे थे तभी खरोरा की तरफ से बच्चों को स्कूल छोड़कर आ रही जेबी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल की बस क्रमांक सीजी 04 ई ए 0558 के चालक द्वारा दोपहिया वाहन को ठोकर मार दिया जिससे दोपहिया वाहन में सवार ईश्वर साहू की मृत्यु हो गई , साथ ही विजय कुमार साहू घायल हो गया जिसे प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रिफर किया गया है। नेवरा पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है, बस को थाना लाया गया है एवं मामले की जांच की जा रही है।

## युवक की हत्या, 3 नाबालिग लड़के गिरफ्तार

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा के वार्ड क्रमांक 15 में एक गली में एक युवक शिव राजपूत पिता जवाहर राजपूत (37) ग्राम कोटा निवासी की हत्या कर दी गई थी। मामले में नेवरा पुलिस ने बताया कि युवक की हत्या मामूली बात को लेकर की गई। उसे धारदार चाकू एवं ईंट पत्थर से मारकर हत्या की गई।

नेवरा पुलिस ने घटना के बाद तत्काल मामले में मुखबिर की सूचना पर 3 नाबालिक लड़कों को पकड़ा जिनसे पूछताछ करने पर तीनों ने घटना करना स्वीकार किया। गवाहों के भी बयान दर्ज किए गए। नेवरा पुलिस ने घटना में धारा 103 ( 1), 238, 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। तीनों नाबालिगों को आज न्यायिक रिमांड हेतु किशोर न्यायालय भेजा गया है।

# नाली के लिए गड्ढा खोदा पर बनाया नहीं, लोग परेशान



**अभनपुर।** अभनुपर बस स्डैण्ड के समीप श्रीजी कॉलोनी के आम रास्ते को नाली बनाने के लिए खोदाई किया गया है, नाली का निर्माण नही होने से विगत एक सप्ताह से कॉलोनी के लोगो को आने जाने का रास्ता बंद है,नाली की खोदाई करने के पहले ठेकेदार द्वारा किसी भी व्यक्ति को सूचना नही दी गई जिससे सभी घरो की बड़ी गाड़ी कार अंदर से बाहर नही निकल पा रही है, बुजुर्ग व बीमारी जैसे परिस्थितियो मे सभी घरो मे निजी वाहन होने के बावजूद भी उसका उपयोग नही कर पा रहे है,ठेकेदार की लापरवाहीपूर्ण रवैये के संबंध मे एसडीएम अभनपुर रवि सिंह एवं पीडब्लूडी एसडीओ श्री कंवर को इस संबंध मे अवगत कराया गया इसके बावजूद स्थिती जो का त्यो बनी हुई है,कॉलोनी के निवासी सनत शर्मा,भगत सिंह,दयाल संतानी आदि लोगो ने कहा कि कॉलोनी के लोगो का एक सप्ताह से आना जाना बंद है फिर भी शासन प्रशासन की ओर से कोई ध्यान नही दिया जा रहा है मजबूरन कॉलोनीवासियो के पास चक्काजाम के अलावा कोई विकल्प नही है। सडक़ ठेकेदार के मनमानी रवैये एवं गुणवत्ताहीन कार्यो को लेकर आमजनता कुछ दिन पूर्व ही चक्काजाम कर चुकी है फिर भी कोई सुधार नही हो रहा है।

## कलेक्टर ने रीडर को किया निलंबित



**अभनपुर।** अभनपुर अनुविभाग के खोरपा उपतहसील के रीडर ऋतुराज सिंह को रायपुर कलेक्टर गौरव सिंह द्वारा निलंबित किया गया है। उपतहसील खोरपा मे वकील नागेन्द्र सिन्हा के पक्षकार का प्रकरण लंबित था जिसे निपटाने के लिए उक्त लिपिक 5 बॉटल शराब मांग रहा था जिसकी ऑडियो रिकार्डिग सहित उच्च अधिकारियो को शिकायत की गई थी मामले की जांच अभनपुर एसडीएम रवि सिंह द्वारा की गई,जांच मे शिकायत एंव वार्तालाप रिकार्डिग को प्रथम दृष्ट्या सही पाया गया एसडीएम के रिपोर्ट के आधार पर लिपिक को कलेक्टर ने निलंबित कर जिला निर्वाचन कार्यालय मे अटैच कर दिया गया है निलंबन अवधि मे नियामानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता रहेगी।

# कुर्मी अधिवेशन में सांसद, मंत्री और पूर्व सीएम पहुंचे



**तिल्दा नेवरा।** ग्राम निलजा में छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज तिल्दा राज का वार्षिक राज अधिवेशन राज प्रधान ठाकुर राम वर्मा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। जिसमें अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, मंत्री टंक राम वर्मा, सांसद विजय बघेल, समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप, पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल, जनक राम वर्मा, लक्ष्मी वर्मा , जनपद पंचायत अध्यक्ष सुमन देवव्रत नायक आदि उपस्थित थे।

उक्त कार्यक्रम में प्रतिभा सम्मान सहित विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जीवन ज्योति रक्त दान समिति द्वारा विशाल रक्तदान शिविर, निः शुल्क चिकित्सा शिविर आदि भी किया गया। अपने उद्बोधन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सामाजिक एकता पर जोर देते हुए कहा कि यही समय है अभी से एकता का परिचय दे।

उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम स्वप्न दृष्टा डॉ खूबचंद बघेल के नाम से जारी स्वास्थ योजना को बंद करने पर राज्य सरकार के खिलाफ जमकर भड़ास भी निकाली, साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर एक भी ओबीसी वर्ग को आरक्षण नहीं देने पर राज्य सरकार के खिलाफ सवाल भी खड़े किए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़िया अभी नहीं जागे तो कभी नहीं जाग पाएंगे वे अपने हक अधिकार के लिए लड़ाई लड़े। मंत्री टंक राम वर्मा ने कार्यक्रम की प्रशंसा कर राज प्रधान ठाकुर राम वर्मा की मांगो पर राशि स्वीकृत किया, अन्य अतिथियों ने भी अपने उद्बोधन व्यक्त किए, केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप ने भी सामाजिक एकता पर जोर दिया। मंच संचालन राज मंत्री दौलत धुरंधर द्वारा किया गया। राजप्रधान ठाकुर राम वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर हजार की संख्या में समाज के लोग उपस्थित हुए।

## श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर में संक्रांति का त्योहार मनाया



**आरंग।** श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर अग्रवाल पारा आरंग में मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जिसमें सुबह 11 से 02 बजे तक दुग्धाभिषेक, दोपहर 03 से 06 बजे तक सोनी पारा महिला मानस मण्डली द्वारा भजन कीर्तन एवं रात्रि 07 से 09 बजे तक मां गौरी सेवा समिति भजन मंडली अटल विहार कालोनी आरंग द्वारा भजन कीर्तन कार्यक्रम आयोजित हुआ। वहीं दोपहर में भण्डारा एवं प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में सरस्वती ज्ञान दीप विद्यालय के शिक्षक–शिक्षिकाएं, विद्यार्थी, अग्रसेन योगासन शाखा सदस्य, अग्रवाल समाज के महिला एवं पुरुष उत्साह के साथ भाग लिए। कार्यक्रम में अग्रवाल समाज के सभी लोगो का विशेष सहयोग रहा।

## श्रीरामलला प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर कपड़े बांटे



**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम सड्डू महामाया पारा में अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर रामलला की पूजा अर्चना कर जरूरत मंदों को गरम कपड़ा दिया गया। अतिथियों के उद्बोधन के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहदा सोसायटी अध्यक्ष डॉ शोभित वर्मा थे। इस अवसर पर खैरखूँट सोसायटी अध्यक्ष रोमलाल साहू, सरपंच संतोष साहू, पूर्व जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा, हाई स्कूल जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष मिलेंद्र वर्मा, श्रवण वर्मा, बेनीराम साहू, भुवन साहू, गौकरण साहू, टाकेश्वर निर्मलकर, शत्रुहन साहू, रामाधीन निर्मलकर, कमल वर्मा, भागीरथी साहू, राजाराम यादव, जीवराखन देवांगन, सुभिया निषाद, घनश्याम यादव, मंतराम यादव, पंचायत सचिव सुनील शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। मंच का संचालन लालजी निर्मलकर ने की।

**न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील मंदिर हसौद, जिला- रायपुर (छ.ग.)**

**-: ईश्तहार :-**

रा.प्र.क्र.-........../अ-6(अ)/2024-25
ग्राम- गुजरा, प.ह.नं.- 20, रा.नि.मं.- पलौद,
तहसील- मंदिर हसौद, जिला- रायपुर

एतद् आपको सूचित किया जाता है कि, आवेदक दिनेश कुमार साहू पिता किसुन साहू, निवासी ग्राम रायपुर के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम गुजरा, प.ह.नं.- 20, रा.नि.मं.- पलौद, तहसील- मंदिर हसौद, जिला- रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 685/8 रकबा 2254 वर्गफुट भूमि आवेदक दिनेश कुमार साहू पिता किसुन साहू के द्वारा पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 10.03.2015 के माध्यम से विक्रेता/भूमिस्वामी नरोत्तम कुमार धीवर पिता लल्लूराम धीवर से क्रय किया गया है, जिसका नामांतरण क्रमांक 72 आदेश दिनांक 23.02.2016 है। परंतु त्रुटिवश आवेदित भूमि के वर्तमान राजस्व ऑनलाईन अभिलेख में विक्रेता का नाम दर्ज हो गया है। आवेदक के द्वारा आवेदित भूमि के वर्तमान राजस्व अभिलेख में अपना नाम दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति को तो वे इस न्यायालय मे दिनांक 29.01.2025 तक स्वंय या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 14.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार,**
**मंदिर हसौद (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील मंदिर हसौद, जिला- रायपुर (छ.ग.)**

**-: ईश्तहार :-**

रा.प्र.क्र.-........../अ-6(अ)/2024-25
ग्राम- गुजरा, प.ह.नं.- 20, रा.नि.मं.- पलौद,
तहसील- मंदिर हसौद, जिला- रायपुर

एतद् आपको सूचित किया जाता है कि, आवेदक ममता साहू पति टुमन लाल, निवासी ग्राम रायपुर के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम- गुजरा, प.ह.नं.- 20, रा.नि.मं.- पलौद, तहसील- मंदिर हसौद, जिला- रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 685/8 रकबा 2209 वर्गफुट भूमि आवेदिका ममता साहू पति टुमन लाल साहू के द्वारा पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 10.03.2015 के माध्यम से विक्रेता/भूमिस्वामी नरोत्तम कुमार धीवर पिता लल्लूराम धीवर से क्रय किया गया है, जिसका नामांतरण क्रमांक 71 आदेश दिनांक 23.02.2016 है। परंतु त्रुटिवश आवेदित भूमि के वर्तमान राजस्व ऑनलाईन अभिलेख में विक्रेता का नाम दर्ज हो गया है। आवेदक के द्वारा आवेदित भूमि के वर्तमान राजस्व अभिलेख में अपना नाम दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति को तो वे इस न्यायालय मे दिनांक 29.01.2025 तक स्वंय या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 14.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार,**
**मंदिर हसौद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

पत्र क्रं / 15102 / न.पा.नि./ जोन क्रं- 10 /2025
रायपुर, दिनांक **14.01.2025**
नामंतरण प्र.क्र. **15102**
वार्ड का नाम **53 बाबू जगजीवनराम वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **53** स्थित भवन/ भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR651J00404** जो की निगम अभिलेख श्री /श्रीमती **KULESHWAR PRASAD NIRMALKAR** पिता/पति श्री/श्रीमती **BANSHILAL NIRMALKAR** के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती **Bharti Das** पिता / पति श्री/श्रीमती **Hemant Das** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

"सूचना जारी करे"
**श्री राकेश शर्मा**
**(जोन कमिश्नर),**
**जोन क्रं. 10**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**सार्वजनिक सूचना**

मैं, अंजली, पिता श्री गेंदराम, निवासी ग्राम मदनपुर, पोस्ट ऑफिस सिंगरी, थाना रतनपुर, जिला बिलासपुर, पिन- 495442, यह सूचित करती हूँ कि मेरे निम्नलिखित मूल दस्तावेजः

10वीं एवं 12वीं की अंकसूची ,बैंक पासबुक, बीएससी नर्सिंग प्रमाण पत्र, बीएससी नर्सिंग रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र कहीं गुम हो गए हैं। मैंने इन्हें ढूंढने का हर संभव प्रयास किया, लेकिन यह नहीं मिले। मैं इन दस्तावेजों की प्रतिलिपि प्राप्त करने के लिए संबंधित प्राधिकरण के पास आवेदन करने जा रही हूँ।

यदि किसी व्यक्ति को इन दस्तावेजों के बारे में कोई जानकारी मिले या यह प्राप्त हो, तो कृपया मुझसे निम्नलिखित संपर्क नंबर पर संपर्क करें: संपर्क: 8643000952 यह सूचना रिकॉर्ड के उद्देश्य से जारी की जा रही है।

स्थानः रायपुर
दिनांकः 15/1/2025

**भवदीय,**
**अंजली**

**आम सूचना**

(वाके मौजा ग्राम मठुरैना, प.ह.नं. 00061, रा. नि. मं. रायपुर-1, तहसील व जिला रायपुर छ. ग. में स्थित खसरा नंबर 202/246, रकबा 0.0080 हे. याने 900 वर्गफुट भूमि के संबंध में)

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता ऋषि कुमार साहू पिता श्री ठाकुर राम साहू, निवासी- म.नं. 281, मस्जिद गली, संतोषी नगर, मठपुरैना, रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि वाके मौजा ग्राम मठुरैना, प.ह.नं. 00061, रा.नि.मं. रायपुर- 1, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित खसरा नंबर 202/246, रकबा 0.0080 हे. याने 900 वर्गफुट भूमि स्थित है जिसे मेरे पक्षकार ने विक्रेता से क्रय करने का सौदा कर इकरारनामा निष्पादित कर बयाना राशि प्रदान किया जा चुका है। केवल पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त वर्णित समव्यवहार पर जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, साहूकार, बैंक बीमा नगर निगम, आर.डी.ए. आदि को किसी प्रकार की उजर आपत्ति हो तो इस आम सुचना प्रकाशन के 07 दिन के अंदर मेरे निचे लिखे पते पर लिखित में मय दस्तावेज के अपने आपत्ति प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद म्याद के गुजरने के रजिस्ट्री करा ली जावेगी। एवं बाद में की गई उजर आपत्ति झुठी व नाजायज मानी जावेगी। सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग.        दिनांक :-

**भवदीय**
**बिसौहा साकड़े (अधिवक्ता)**
**पता- डी.आर.डी. एसोसियेट शॉप नं. 115, कृष्णा काम्पलेक्स, कचहरी चौक, रायपुर छ.ग.**
**मो.नं.- 9009401911**





नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।



## खबर संक्षेप



### उपराष्ट्रपति का रायपुर पहुंचने पर आत्मीय स्वागत

रायपुर। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के राजधानी रायपुर के स्वामी विवेकानंद विमानतल पहुंचने पर राज्यपाल रमेन डेका सहित केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आत्मीय स्वागत किया। गौरतलब है कि उपराष्ट्रपति धनखड़ गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर में आयोजित दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे।

### निकाय चुनाव ईवीएम से अधिसूचना जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में नगरीय निकायों के चुनाव ईवीएम से कराए जाएंगे। इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राजपत्र में अधिसूचना का प्रकाशन कराया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में सरकार की ओर से कहा गया था कि नगरीय निकायों के चुनाव बैलेट पेपर के माध्यम से होंगे।

### पदाधिकारियों ने कहा- टिकट सक्रिय कांग्रेस नेत्री को मिले



**रायपुर।** नगरीय निकाय चुनाव के लिए रायपुर नगर निगम में महापौर का पद सामान्य महिला के लिए आरक्षित होने के बाद महिला कांग्रेस की कई दावेदारों ने बैठक कर निर्णय लिया है कि महिला कांग्रेस के पदाधिकारी जो पद के लिए दावेदारी कर रही हैं, उनमें से किसी को पार्टी द्वारा टिकट दिया जाए।

# गड़बड़ी करने वाले मिलरों पर शिकंजा, चावल जमा करने पर भी लगी रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


छत्तीसगढ़ में धान की कस्टम मिलिंग करने वाले मिलरों में जिन मिलरों पर अब शिकंजा कसने वाला है, जिन मिलरों के यहां 20-23-24 में कस्टम मिलिंग के लिए उठाए गए धान के विरुद्ध चावल जमा के बाद शेष बचे धान का लॉट कम पाया गया है, उनके चावल जमा पर रोक लगेगी। यही नहीं उनसे धान की कीमत की वसूली भी होगी।

ऐसे मिलरों से वर्ष 2024-25 में सेंट्रल पूल के लिए चावल जमा करने पर भी रोक लगाई गई है। मार्कफेड के एमडी रमेश शर्मा ने कहा है कि यह कार्रवाई भारत सरकार (एफसीआई) के निर्देश पर की जा रही है। छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी सहकारी विपणन संघ (मार्कफेड) ने इस संबंध में प्रदेश के सभी जिला विपणन अधिकारियों को आदेश जारी किया है। कुछ समय पहले संयुक्त दल द्वारा किए गए राइस मिलों के भौतिक सत्यापन में जिन मिलों में स्कंध (लॉट) कम मात्रा में पाया गया, भंडारित स्कंध गणना योग्य नहीं था या सत्यापन के दौरान मिल बंद पाया गया, यह कार्रवाई उन मिलरों के खिलाफ की जा रही है।

## मार्कफेड ने जारी किया सभी डीएमओ को आदेश

### खराब हो चुका है धान तो ये होगी कार्रवाई

2023-24 में जिन मिलरों के यहा आंशिक स्कंध गणना योग्य था, शेष स्कंध गणना योग्य नहीं था, को गणना योग्य स्कंध मात्रा का अनुपातिक चावल एफसीआई, नान में जमा करने की अनुमति दी जाएगी। शेष स्कंध जो गणना योग्य नहीं था पर एफसीआई, नान में चावल जमा करने पर रोक लगाने लगाने कहा गया है। इन मिलरों को 2024-25 में सेंट्रल पूल में चावल जमा करने पर भी रोक लगाई जाएगी। जो मिल भौतिक सत्यापन के दौरान बंद पाए गए थे उन सभी मिलर्स से जब तक सत्यापन पूरा नहीं करवाया जाएगा तब तक एफसीआई और नान में चावल जमा कराने पर रोक लगाने कहा गया है। इन मिलरों से 2024-25 में आगामी आदेश तक सेंट्रल पूल के लिए चावल जमा करने पर भी रोक लगाने का आदेश मार्कफेड के एमडी ने जारी किया है।



### नया चावल जमा कराने पर रोक

मार्कफेड द्वारा जारी आदेश के मुताबिक जिन मिलरों के यहां स्कंध कम पाया गया है उनके खिलाफ ये कार्रवाई होगी। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में कस्टम मिलिंग के उठाए गए धान के विरुद्ध चावल जमा करने के बाद शेष बचे धान की मात्रा का संयुक्त दल द्वारा किए गए भौतिक सत्यापन में कम पाए गए धान की मात्रा के विरुद्ध अनुपातिक चावल को भारतीय खाद्य निगम, नागरिक आपूर्ति निगम में जमा किए जाने पर रोक लगाई जाएगी। बचे हुए धान की मात्रा की राशि की वसूली संबंधित मिलर के जमा प्रतिभूति से किया जाएगा। इसके साथ ही ऐसे मिलरों से खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में केंद्रीय पूल के लिए चावल जमा करने पर भी रोक लगाने कहा गया है। यही नहीं इनके द्वारा उठाए गए धान की राशि की वसूली जमा प्रतिभूति से की जाएगी।

### मिलरों ने भी उठाए सवाल

मार्कफेड के इस आदेश को लेकर मिलरों ने सवाल उठाए हैं। मिलरों का कहना है कि 2023-24 का 8-9 लाख टन चावल जमा करना बाकी है, ये चावल क्यों नहीं लिया जा रहा है। 2024-25 के लिए मिलरों से धान उठवाया जा रहा है, जब उनके पास पहले ही धान या चावल नहीं था, तो फिर उन्हें नई मिलिंग के लिए धान क्यों दिया गया।

## खरोरा सहित सभी ब्लॉकों में जिला कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

# ओबीसी वर्ग को आरक्षण नहीं दिये जाने के विरोध में कांग्रेस का प्रदेशभर में धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रदेश के सभी जिला संगठनों ने नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत क्षेत्रों में ओबीसी आरक्षण नहीं दिये जाने के विरोध में प्रदर्शन कर भाजपा सरकार से ओबीसी वर्ग को आरक्षण देने की मांग की है। विरोध प्रदर्शन रायपुर शहर, रायपुर ग्रामीण, बलौदाबाजार, गरियाबंद, महासमुंद, धमतरी, बालोद, दुर्ग शहर, दुर्ग ग्रामीण, भिलाई शहर, बेमेतरा, राजनांदगांव शहर, राजनांदगांव ग्रामीण, कवर्धा, जगदलपुर शहर बस्तर ग्रामीण, सुकमा, नारायणपुर, कोण्डागांव, बीजापुर, कांकेर, दंतेवाड़ा, बिलासपुर शहर, बिलासपुर ग्रामीण, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, मुंगेली, कोरबा शहर, कोरबा ग्रामीण, जांजगीर-चांपा, रायगढ़ शहर, रायगढ़ ग्रामीण, जशपुर, सरगुजा, सूरजपुर, बलरामपुर, कोरिया सहित कांग्रेस के सभी जिलों में किया गया।



### जिले के सभी ब्लॉकों में धरना

जिला कांग्रेस रायपुर द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन खरोरा में किया गया। धरना के बाद आक्रोशित कांग्रेसियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पुतला दहन किया। जिला ग्रामीण अध्यक्ष उधो वर्मा ने कहा, भाजपा संवैधानिक प्रदत्त आरक्षण को भी समाप्त करने का काम कर रही है। प्रदेश में 52 प्रतिशत आबादी पिछड़ों की है, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि जिला पंचायत में आरक्षण अध्यक्ष पद पिछड़ा वर्ग के लिए एक भी सीट आरक्षित नहीं है। जिला कांग्रेस रायपुर द्वारा तिल्दा,आरंग, खरोरा अभनपुर सहित सभी ब्लॉकों में आरक्षण नहीं देने के विरोध में प्रदर्शन किया गया।

### शहर जिला कांग्रेस का धरना

पिछड़ा वर्ग के आरक्षण की कटौती के विरोध में शहर कांग्रेस कमेटी ने सुभाष स्टेडियम के सामने फायर ब्रिगेड चौक में भाजपा सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान जिला अध्यक्ष गिरीश दुबे ने आरक्षण में कटौती को सरकार का तानाशाही रवैया बताते हुए संविधानिक अधिकार का छीनने का प्रयास किया है। इस दौरान जिला कांग्रेस के पदाधिकारी और कांग्रेसजन मौजूद थे।

### ये थे मौजूद

कार्यक्रम में पूर्व सांसद छाया वर्मा, पूर्व खनिज निगम अध्यक्ष गिरीश देवांगन, पूर्व विधायक अनीता शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा, सौरभ मिश्रा, दुर्गेश वर्मा, देवव्रत नायक, घनश्याम वर्मा, अश्विनी वर्मा, अंकित वर्मा, सुरेंद्र गिलहरे, बबलू भाटिया, सहित कांग्रेस जन सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे।

### नगरीय निकाय में ओबीसी को 30 प्रतिशत आरक्षण मिला : साव

ओबीसी आरक्षण को लेकर प्रदेशभर में कांग्रेस के प्रदर्शन के मामले में डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा, नगरीय निकाय में ओबीसी को 30 प्रतिशत आरक्षण मिला है। क्या कांग्रेस इसका भी विरोध कर रही है? उन्होंने कहा, सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के आधार पर आरक्षण दिया गया है। उन्होंने कहा, भ्रम, भय और भ्रष्टाचार कांग्रेस की राजनीति का आधार रहा है। कांग्रेस इस तरह की राजनीति करना बंद करे। उन्होंने कहा, कांग्रेस के भ्रम की बातों में जनता नहीं आने वाली है।

# प्रदेश में 124 लाख मीट्रिक टन में से केवल 54 प्रतिशत का उठाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी में अब केवल दो सप्ताह से कम समय बचा है। अब तक लक्ष्य का 80 प्रतिशत से अधिक धान खरीदा जा चुका है। धान खरीदी के साथ उठाव तेजी से नहीं हो रहा है। कुल 124 लाख म्रिक टन खरीदे गए धान में से केवल 67 लाख मीट्रिक टन धान का ही उठाव हो पाया है, जो कुल खरीदी का 54 प्रतिशत है। अब भी 2799 खरीदी केंद्रों में से 1166 केंद्रों में धान का बफर लिमिट है। धान उठाव के लिए जिले के डीएमओ द्वारा डीओ-टीओ काटे जाने के बाद राइस मिलर उठाव नहीं कर पा रहे हैं।

छत्तीसगढ़ में 14 नवम्बर से धान खरीदी शुरू हुआ था। प्रदेश के 23 लाख किसानों ने धान बेच चुके हैं। धान खरीदी 31 जनवरी तक चलेगी। लगभग 124 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीदी हो चुकी है। धान खरीदी के साथ-साथ मिलर्स द्वारा धान का उठाव भी तेजी से हो रहा है। अब तक 94 लाख मीटरिक टन धान के उठाव के लिए डीओ और टीओ जारी किया गया है, इसके एवज में 67 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव कर पए हैं। प्रदेश के 33 जिलों में से धमतरी और कोरबा जिले में ही खरीदी केंद्रों से तेजी से धान उठाव हुआ है। यहां पर कुल खरीदी का 75 प्रतिशत से अधिक धान का उठाव कर लिया गया है। वहीं बीजापुर और सुकमा जिलों में सबसे कम उठाव हुआ है वहां पर 16 से 23 प्रतिशत धान का उठाव हुआ है। मार्कफेड ने यहां के जिला खाद्य अधिकारियों को उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।



### कितने केंद्रों कितना धान डंप

जिलों में कितने खरीदी केंद्रों में कितना धान पड़ा है इसे लेकर मार्कफेड ने आंकड़े जारी किए हैं। जारी आंकड़ों अनुसार 46 खरीदी केंद्र ऐसे हैं जहां पर 3000 क्विंटल से कम धान रखा हुआ है। वहीं 88 खरीदी केंद्र ऐसे हैं जहां पर 5 हजार क्विंटन से अधिक धान डंप पड़ा हुआ है। 1065 खरीदी केंद्र ऐसे है जहां पर प्रत्येक के्ंरद में 10 हजार क्विंटल से अधिक धान डंप है। वहीं 572 केंद्र ऐसे हैं जहां पर हर केंद्र में 20 हजार क्विंटल से अधिक धान जाम है। 275 खरीदी केंद्र ऐसे हैं जहां पर प्रत्येक केंद्र में 40 हजार क्विंटल से अधिक धान डंप पड़ा हुआ है। 255 खरीदी केंद्र ऐसे हैं जहां पर 50 हजार क्विंटल तक धान डंप हैं।

### मौसम को देखते हुए उठाव में तेजी लाने के निर्देश

मार्कफेड ने जिला कलेक्टरों के माध्यम से खाद्य अधिकारियों को धान के उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। धान का उठाव मिलरों द्वारा नहीं किए जाने पर संग्रहण केंद्रों में इसके रखने की व्यवस्था भी की गई है।

## पूंजीगत व्यय का सदुपयोग, देश में बनाई अलग पहचान

# छत्तीसगढ़ को केंद्र से मिलेगा 1874 करोड़ रुपए अतिरिक्त आबंटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ ने बुनियादी ढांचे के विकास के लिए पूंजीगत व्यय के तहत आबंटित धनराशि का कुशल और प्रभावी उपयोग किया है, जिसकी केंद्र सरकार ने सराहना की है। पूंजीगत व्यय के तहत राशि के सदुपयोग के परिणामस्वरूप छत्तीसगढ़ राज्य को शीघ्र ही 1874 करोड़ रुपये का अतिरिक्त आबंटन मिलेगा। यह राशि राज्य के बुनियादी ढांचे और अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए खर्च की जाएगी।

### सीएम साय ने कही ये बात

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार का उद्देश्य बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और राज्य के समग्र विकास को गति देना है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पूंजीगत व्यय (राज्य कैपेक्स) में 17,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। यह राशि सड़कों, पुलों, स्कूलों, अस्पतालों, औद्योगिक परियोजनाओं और सिंचाई योजनाओं पर खर्च की जा रही है। राज्य को केंद्र से 1874 करोड़ रुपये के अतिरिक्त आवंटन मिलने से नई परियोजनाओं को लागू करने, रोजगार सृजन और राज्य के बुनियादी ढांचे को और अधिक सुदृढ़ बनाने में मदद मिलेगी।

**पूंजीगत व्यय यानि कैपिटल**

एक्सपेंडिचर (कैपेक्स) का अर्थ है उन पूंजीगत व्ययों का प्रावधान, जो किसी राज्य या देश में बुनियादी ढांचे के निर्माण, नए परिसंपत्तियों के सृजन और दीर्घकालिक विकास के लिए किए जाते हैं। बजट में इसे इसलिए शामिल किया जाता है ताकि शासकीय धन का उपयोग सड़क, परिवहन, स्वास्थ्य, शिक्षा, और उद्योग जैसे बुनियादी ढांचे के निर्माण और विकास के लिए किया जा सके।

**न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील मंदिर हसौद, जिला- रायपुर (छ.ग.)**

**-: ईश्तहार :-**

रा.प्र.क्र.-........../अ-6(अ)/2024-25
ग्राम- गुजरा, प.ह.नं.- 20, रा.नि.मं.- पलौद,
तहसील- मंदिर हसौद, जिला- रायपुर

एतद् आपको सूचित किया जाता है कि, आवेदक दिनेश कुमार साहू पिता किसुन साहू, निवासी ग्राम रायपुर के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम गुजरा, प.ह.नं.- 20, रा.नि.मं.- पलौद, तहसील- मंदिर हसौद, जिला- रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 685/8 रकबा 2254 वर्गफुट भूमि आवेदक दिनेश कुमार साहू पिता किसुन साहू के द्वारा पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 10.03.2015 के माध्यम से विक्रेता/भूमिस्वामी नरोत्तम कुमार धीवर पिता लल्लूराम धीवर से क्रय किया गया है, जिसका नामांतरण क्रमांक 72 आदेश दिनांक 23.02.2016 है। परंतु त्रुटिवश आवेदित भूमि के वर्तमान राजस्व ऑनलाईन अभिलेख में विक्रेता का नाम दर्ज हो गया है। आवेदक के द्वारा आवेदित भूमि के वर्तमान राजस्व अभिलेख में अपना नाम दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति को तो वे इस न्यायालय मे दिनांक 29.01.2025 तक स्वंय या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 14.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार, मंदिर हसौद (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील मंदिर हसौद, जिला- रायपुर (छ.ग.)**

**-: ईश्तहार :-**

रा.प्र.क्र.-........../अ-6(अ)/2024-25
ग्राम- गुजरा, प.ह.नं.- 20, रा.नि.मं.- पलौद,
तहसील- मंदिर हसौद, जिला- रायपुर

एतद् आपको सूचित किया जाता है कि, आवेदक ममता साहू पति टुमन लाल, निवासी ग्राम रायपुर के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम- गुजरा, प.ह.नं.- 20, रा.नि.मं.- पलौद, तहसील- मंदिर हसौद, जिला- रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 685/8 रकबा 2209 वर्गफुट भूमि आवेदिका ममता साहू पति टुमन लाल साहू के द्वारा पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 10.03.2015 के माध्यम से विक्रेता/भूमिस्वामी नरोत्तम कुमार धीवर पिता लल्लूराम धीवर से क्रय किया गया है, जिसका नामांतरण क्रमांक 71 आदेश दिनांक 23.02.2016 है। परंतु त्रुटिवश आवेदित भूमि के वर्तमान राजस्व ऑनलाईन अभिलेख में विक्रेता का नाम दर्ज हो गया है। आवेदक के द्वारा आवेदित भूमि के वर्तमान राजस्व अभिलेख में अपना नाम दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति को तो वे इस न्यायालय मे दिनांक 29.01.2025 तक स्वंय या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 14.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार, मंदिर हसौद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

पत्र क्रं / 15102 / न.पा.नि./ जोन क्रं- 10 /2025
रायपुर, दिनांक **14.01.2025**
नामंतरण प्र.क्र. **15102**
वार्ड का नाम **53 बाबू जगजीवनराम वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **53** स्थित भवन/ भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR651J00404** जो की निगम अभिलेख श्री /श्रीमती **KULESHWAR PRASAD NIRMALKAR** पिता/पति श्री/श्रीमती **BANSHILAL NIRMALKAR** के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती **Bharti Das** पिता / पति श्री/श्रीमती **Hemant Das** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

"सूचना जारी करे"
**श्री राकेश शर्मा**
**(जोन कमिश्नर),**
**जोन क्रं. 10**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**सार्वजनिक सूचना**

मैं, अंजली, पिता श्री गेंदराम, निवासी ग्राम मदनपुर, पोस्ट ऑफिस सिंगरी, थाना रतनपुर, जिला बिलासपुर, पिन- 495442, यह सूचित करती हूँ कि मेरे निम्नलिखित मूल दस्तावेजः

10वीं एवं 12वीं की अंकसूची ,बैंक पासबुक, बीएससी नर्सिंग प्रमाण पत्र, बीएससी नर्सिंग रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र कहीं गुम हो गए हैं। मैंने इन्हें ढूंढने का हर संभव प्रयास किया, लेकिन यह नहीं मिले। मैं इन दस्तावेजों की प्रतिलिपि प्राप्त करने के लिए संबंधित प्राधिकरण के पास आवेदन करने जा रही हूँ।

यदि किसी व्यक्ति को इन दस्तावेजों के बारे में कोई जानकारी मिले या यह प्राप्त हो, तो कृपया मुझसे निम्नलिखित संपर्क नंबर पर संपर्क करें: संपर्कः 8643000952 यह सूचना रिकॉर्ड के उद्देश्य से जारी की जा रही है।

स्थानः रायपुर
दिनांकः 15/1/2025
**भवदीय,**
**अंजली**

**आम सूचना**

(वाके मौजा ग्राम मठुरैना, प.ह.नं. 00061, रा. नि. मं. रायपुर-1, तहसील व जिला रायपुर छ. ग. में स्थित खसरा नंबर 202/246, रकबा 0.0080 हे. याने 900 वर्गफुट भूमि के संबंध में)

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता ऋषि कुमार साहू पिता श्री ठाकुर राम साहू, निवासी- म.नं. 281, मस्जिद गली, संतोषी नगर, मठपुरैना, रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि वाके मौजा ग्राम मठुरैना, प.ह.नं. 00061, रा.नि.मं. रायपुर- 1, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित खसरा नंबर 202/246, रकबा 0.0080 हे. याने 900 वर्गफुट भूमि स्थित है जिसे मेरे पक्षकार ने विक्रेता से क्रय करने का सौदा कर इकरारनामा निष्पादित कर बयाना राशि प्रदान किया जा चुका है। केवल पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त वर्णित समव्यवहार पर जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, साहूकार, बैंक बीमा नगर निगम, आर.डी.ए. आदि को किसी प्रकार की उजर आपत्ति हो तो इस आम सुचना प्रकाशन के 07 दिन के अंदर मेरे निचे लिखे पते पर लिखित में मय दस्तावेज के अपने आपत्ति प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद म्याद के गुजरने के रजिस्ट्री करा ली जावेगी। एवं बाद में की गई उजर आपत्ति झुठी व नाजायज मानी जावेगी। सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग. दिनांक :-

**भवदीय**
**बिसौहा साकड़े (अधिवक्ता)**
**पता- डी.आर.डी. एसोसियेट शॉप नं. 115, कृष्णा काम्पलेक्स, कचहरी चौक, रायपुर छ.ग.**
**मो.नं.- 9009401911**






हरिभूमि

# रायपुर भूमि





## हेलमेट का भूत आउटर से निकलकर शहर तक पहुंचा, भराए जा रहे संकल्प पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हेलमेट का भूत आउटर से निकलकर शहर तक पहुंच गया है। ट्रैफिक पुलिस के जवान कलेक्टोरेट चौक पर कैंप लगाकर ऐसे दोपहिया वाहन चालकों को रोक रहे हैं, जो बगैर हेलमेट पहने वाहन चला रहे हैं। बगैर हेलमेट दोपहिया चलाने वालों से ट्रैफिक पुलिस संकल्प पत्र भरवाने के साथ ही उनकी दोपहिया में स्टीकर चिपका रही है। ट्रैफिक पुलिस ने शहर के आउटर में बगैर हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने प्रोत्साहित करने 15 दिन पूर्व अभियान चालू किया है। शहर के अलग-अलग आउटर में दोपहिया वाहन चलाने वालों को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहन कर वाहन चलाने प्रोत्साहित करने संकल्प पत्र भरवाने के साथ उनकी पहचान के लिए दोपहिया में स्टीकर चिपकाने का काम कर रही है। आउटर में बगैर हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों का मैन्युअल के साथ ई-चालान काटकर भेज रही है। इसी प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए ट्रैफिक पुलिस अब शहर में लागू करने की तैयारी कर रही है।

### ट्रैफिक पुलिस ने कलेक्टोरेट चौक में लगाय कैंप



### अफसर बोले हादसे रोकने हेलमेट जरूरी

ट्रैफिक पुलिस के दावों के मुताबिक जितनी भी सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, उनमें 70 प्रतिशत मौतें दोपहिया वाहन चालकों की होती है। जिन दोपहिया वाहन चालकों की रोड एक्सीडेंट में मौत होती है, ज्यादातर मौतें सिर पर चोट लगने की वजह से होती है। इस वजह से दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने प्रेरित किया जा रहा है। अफसरों को दावों के मुताबिक हेलमेट पहन दोपहिया चलाने से एक्सीडेंट में मौत का आंकड़ा आधा हो जाएगा।

### कलेक्टोरेट कर्मियों के लिए कैंप

*ट्रैफिक डीएसपी गुरजीत सिंह के अनुसार कलेक्टोरेट चौक में कलेक्टोरेट में काम करने वाले ऐसे कर्मचारियों से संकल्प पत्र भरवाए जा रहे हैं जो बगैर हेलमेट पहन दोपहिया चला रहे हैं। ट्रैफिक डीएसपी के अनुसार कलेक्टोरेट में काम करने वाले कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहन दोपहिया चलाने शासन स्तर पर निर्णय लिया गया है। उसी निर्णय का पालन कराने कलेक्टोरेट कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।*

### बगैर हेलमेट कलेक्टोरेट में नो एंट्री

*ट्रैफिक पुलिस के जवान कलेक्टोरेट जाने वाले गेट के पास नाकेबंदी कर बगैर हेलमेट पहने दोपहिया से कलेक्टोरेट आने वालों को रोक रहे हैं। इसके चलते कलेक्टोरेट आने जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टोरेट में एंट्री करने बगैर हेलमेट दोपहिया से आने वाले लोग अपने दोपहिया किसी दूसरी जगह रख कलेक्टोरेट प्रवेश करने विवश हो रहे हैं।*

## खबर संक्षेप

### रेंजर प्रमोट होने वाले वनकर्मियों का अलंकरण

**रायपुर।** साइंस कालेज स्थित दीनदयाल आडोटोरियम में आज उप वनक्षेत्रपाल से रेंजर के पोस्ट पर प्रमोट होने वाले वनकर्मियों का अलंकरण समारोह आयोजित किया जा रहा है। इसके अलावा वन विभाग के नव निर्वाचित प्रातंध्यक्ष तथा कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित है। दोनों कार्यक्रम वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप के मुख्य आतिथ्य में होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा करेंगे। विशिष्ट अतिथि वनबल प्रमुख, पीसीसीएफ वी. श्रीनिवास होंगे। अलंकरण समारोह, शपथ ग्रहण के बाद प्रांताध्यक्ष अजित दुबे वनकर्मियों की बैठक लेंगे। यह जानकारी वनकर्मी नेता पवन पिल्लै ने दी है।

### गैंगस्टर के खिलाफ पूरक चालान पेश

**रायपुर।** तेलीबांधा गोलीकांड के मास्टर माइंड झारखंड के गैंगस्टर अमन साव के खिलाफ बुधवार को पूरक चालान पेश किया गया। पूरक चालान न्यायिक मजिस्ट्रेट गिरीश मंडावी की कोर्ट में पेश किया गया। पूरक चालान पर दो दिन बाद सुनवाई होगी। पूरक चालान पेश करने के समय अमन साव को भी कोर्ट में पेश किया गया। पिछले वर्ष पुलिस अमन साव को प्रोटेक्शन वारंट में झारखंड से रायपुर लाई थी। अमन साव के गुर्गों ने फिरौती वसूली करने पिछले वर्ष कारोबारी प्रहलाद अग्रवाल की कार में फायरिंग की थी।

### सीजीपीएससी के आरोपियों की आज पेशी

**रायपुर।** सीजीपीएससी भर्ती परीक्षा में घोटाला करने के आरोप में गिरफ्तार सीजीपीएससी के पूर्व चैयरमैन टामन सिंह सोनवानी, उनके पुत्र साहिल, भतीजे नितेश, डिप्टी परीक्षा नियंत्रक ललित गनवीर, कारोबारी श्रवण गोयल तथा उनके पुत्र शशांक और बहू भूमिका की बुधवार को न्यायिक रिमांड खत्म होने पर कोर्ट में पेश किया गया। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने सभी की एक दिन की न्यायिक रिमांड बढ़ा दी है। गुरुवार को सभी आरोपियों को पुनः कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### यश शर्मा हत्याकांड की जांच क्राइम ब्रांच करेगी



**रायपुर।** महावीर नगर निवासी यश शर्मा की हत्या के मामले की जांच एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह के निर्देश पर अब क्राइम ब्रांच पुलिस करेगी। यश शर्मा का उन्हीं के चार दोस्तों ने तीन माह पूर्व अपहरण कर तेलीबांधा थाना क्षेत्र स्थित शगुन फार्म हाउस में मारपीट करने के साथ सिगरेट से दागे। यश की एम्स अस्पताल में उपचार के दौरान मंगलवार को मौत हो गई थी। यश की हत्या के फरार आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सिंधी समाज के लोगों ने एसएसपी से बुधवार को मुलाकात की। एसएसपी ने परिजनों की मांग के आधार पर आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी के लिए मामले की जांच क्राइम ब्रांच पुलिस को सौंपी है।

### कांग्रेस बोली- चुनाव से पहले कांग्रेस को बदनाम करने ईडी की कार्रवाई

*भाजपा बोली- लखमा पूर्व मुख्यमंत्री बघेल के षड्यंत्रों का शिकार*

# छत्तीसगढ़ में पहली बार पूर्व मंत्री की गिरफ्तारी, सियासत गरमाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ शराब घोटाले के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राज्य के पूर्व आबकारी मंत्री और कांग्रेस विधायक कवासी लखमा को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। ईडी ने एक बयान में दावा किया था कि पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन के दौरान आबकारी मंत्री रहे लखमा शराब 'घोटाले' में अपराध की आय के मुख्य प्राप्तकर्ता थे। ईडी के मुताबिक, छत्तीसगढ़ में कथित शराब घोटाला 2019 से 2022 के बीच हुआ था, जब राज्य में भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार का शासन था। कोंटा से छह बार विधायक रहे लखमा उस समय आबकारी मंत्री थे। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद किसी पूर्व मंत्री की भ्रष्टाचार के मामले में पहली गिरफ्तारी है। वहीं लखमा की गिरफ्तारी के बाद सियासत शुरू हो गई है। कांग्रेस ने इसे लेकर कहा कि लखमा की गिरफ्तारी ईडी द्वारा राजनैतिक साजिश

▶▶| शेष पेज 14

### शराब घोटाला में कवासी को 72 करोड़ मिलने का दावा

शराब घोटाला मामले में ईडी के वकील सौरभ पाण्डेय ने दावा किया है कि जांच के दौरान कवासी लखमा को 72 करोड़ रुपए मिले हैं। उन पैसों को कवासी ने सुकमा में कांग्रेस कार्यालय के साथ अपने घर बनाने में खर्च किया है। हिरासत में लेने के बाद ईडी ने पूर्व आबकारी मंत्री से बुधवार देर शाम पूछताछ शुरू कर दी है। पूछताछ करने ईडी ने सवालों की लंबी फेहरिश्त तैयार की है। ईडी के अलग-अलग अफसरों द्वारा पूर्व मंत्री से पूछताछ करने की जानकारी सूत्रों ने दी है। ईडी के अफसर कवासी लखमा से जो सवाल पूछेंगे, उनमें उनसे जानकारी मांगी जाएगी कि घोटाले का सूत्रधार कौन है, किनके इशारे पर शराब घोटाला किया गया।

## कवासी लखमा की गिरफ्तारी के बाद भाजपा कांग्रेस ने एक दूसरे पर लगाए आरोप

### जो दोषी होगा उस पर होगी कार्रवाईः साय



शराब घोटाले में पूर्व मंत्री और कांग्रेस विधायक कवासी लखमा की ईडी द्वारा गिरफ्तारी पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, ईडी मामले की जांच कर रही है। जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### रेड में मिले प्रमाण के बाद कार्रवाईः शर्मा



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मामले में कहा, ईडी में पंजीबद्ध प्रकरण है और उसी प्रकरण के अंतर्गत ईडी ने गिरफ्तार किया है। प्रकरण में स्पष्टता है और रेड हुई है जिसमें प्रमाण मिले हैं।



### गिरफ्तारी के विरोध में आज सुकमा बंद

पूर्व मंत्री कवासी लखमा की गिरफ्तारी के विरोध में सुकमा जिला में गुरुवार को बंद का अव्हान किया गया है। जिला प्रशासन को इस संबंध में सूचना दे दी गई है। सुकमा जिले के कोंटा विधानसभा से कवासी लखमा विधायक हैं। यहां की जनता और कांग्रेस जनों ने यह बंद बुलाया है।

### आकाओं के इशारे पर ईडी कर रही साजिशः भूपेश



पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, पूर्व मंत्री और वरिष्ठ विधायक कवासी लखमा की गिरफ्तारी बदले की भावना से की गई कार्रवाई है। केंद्र सरकार में बैठे अपने आकाओं के इशारे पर ईडी कांग्रेस नेताओं को बदनाम करने की साजिश रच रही है। पूरी कांग्रेस पार्टी कवासी लखमा के साथ खड़ी है।

### द्वेषपूर्ण राजनीति का एक और उदाहरणः सिंहदेव



वहीं पूर्व उप-मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा, कवासी लखमा की गिरफ्तारी बीजेपी की कुख्यात द्वेषपूर्ण राजनीति का एक और उदाहरण है। विपक्ष के नेताओं को फंसाना और उन पर जबरन दबाव बनाना बीजेपी के गंदे खेल ने सरकारी संस्थाओं और जांच एजेंसियों की निष्पक्षता और काबिलियत पर से देश का विश्वास खत्म कर दिया है। संघर्ष के समय में हम सभी हमारे साथी, कांग्रेस नेता कवासी लखमा के साथ खड़े हैं।

### लखमा को भूपेश ने बनाया मोहराः कश्यप



*प्रदेश के वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि शराब का पूरा घोटाला भूपेश बघेल की सरपरस्ती में हुआ और उन्होंने जन-धन की लूट मचाकर छत्तीसगढ़ को गांधी परिवार का एटीएम बनाया और यह पैसा सोनिया-राहुल तक भी गया। उन्होंने कहा, कवासी लखमा को जान-बूझकर आबकारी मंत्री बनाया था, ताकि वह इस घोटाले को अंजाम दे सकें। यह एकदम साफ है कि भूपेश बघेल ही शराब घोटाले के प्रमुख घोटालेबाज हैं और कवासी लखमा को इसमें एक मोहरे के तौर पर फंसाया गया है।*

### जो भ्रष्टाचार पर सवाल खड़ा करेगा उसे जेल भेजा जाएगा : बैज



*पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, कवासी लखमा की ईडी द्वारा गिरफ़्तारी पूरी तरह द्वेषपूर्ण है। जो भी भ्रष्टाचार पर सवाल खड़ा करेगा उसे या तो स्व. पत्रकार मुकेश चंद्राकर की तरह मार दिया जाएगा या फिर लखमा की तरह जेल भेज दिया जाएगा। लखमा को विधानसभा में सड़क निर्माण में हुऐ भ्रष्टाचार पर सवाल उठाने की सजा दी जा रही है। जिस दिन उनके द्वारा विधानसभा में सवाल पूछा गया, उसके दूसरे ही दिन उनके यहां ईडी ने रेड मार दी थी।*

## छाए बादलों से चढ़ा पारा मगर तेज गति की हवा से लगी ठंड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ईरान में छाए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से रायपुर समेत मध्य क्षेत्र के न्यूनतम तापमान में वृद्धि हुई है। छाए बादलों के साथ दिन में हवा की गति सामान्य से अधिक होने की वजह से ठंड लगती रही। बलरामपुर समेत उत्तरी हिस्से के तापमान में बड़ा बदलाव नहीं हुआ है, जिससे वहां कड़ाके की ठंड पड़ रही है। बलरामपुर का न्यूनतम तापमान 6 डिग्री रिकार्ड किया गया। वहीं रायपुर का न्यूनतम पारा 16.5 डिग्री दर्ज किया गया।

- बलरामपुर में न्यूनतम तापमान 6, रायपुर 16 .5 डिग्री

पिछले चौबीस घंटे में रायपुर के न्यूनतम तापमान में एक डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई है। वहीं छाए बादलों की वजह से दिन का तापमान 29 डिग्री पर सिमट गया। मौसम विभाग के अनुसार नमी लेकर आ रही हवा की गति मध्य इलाके में सामान्य से अधिक रही, जिसकी वजह से ठंडकता महसूस होती रही। मध्य के साथ वर्तमान में जगदलपुर समेत बस्तर का पारा सामान्य से काफी अधिक है। विक्षोभ का प्रभाव सरगुजा संभाग के शहरों में नहीं हुआ है, जिसकी वजह से वहां ठंड का प्रभाव बना हुआ है। पिछले चौबीस घंटे में बलरामपुर का न्यूनतम तापमान छह डिग्री से नीचे रिकार्ड किया गया। राज्य के सीमावर्ती इलाकों में अभी भी ठंड का असर जारी है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अगले चौबीस घंटे में मौसम में बड़ा बदलाव नहीं होगा। इसके बाद 18 जनवरी को नया पश्चिमी विक्षोभ हिमालयन क्षेत्र को प्रभावित करेगा, जिसका असर प्रदेश में होने से इनकार नहीं किया जा रहा है।

## एमकॉम के प्रश्नपत्र सेट करवाना ही भूल गया रविवि!

### बांट दिए पुराने सत्र के पर्चे, चौंके इनकम टैक्स के छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

परीक्षा संबंधित कार्यों में रविवि की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है। विवि प्रबंधन ने छात्रों को पिछले वर्ष तैयार कराए गए प्रश्नपत्र छपवाकर बांट दिए। मामला एमकॉम प्रथम सेमेस्टर का है। एमकॉम प्रथम सेमेस्टर के अंतर्गत इनकम टैक्स की परीक्षा 10 जनवरी को आयोजित की गई। इसमें छात्रों से इनकम टैक्स सहित कई तरह के वित्तीय सवाल पूछे गए। 70 अंकों की इस परीक्षा में 10 अंक के सवाल पर छात्रों ने आपत्ति दर्ज की है।

- 70 अंकों की परीक्षा में 10 नंबर के सवाल गलत

दरअसल विवि द्वारा प्रत्येक वर्ष स्नातकोत्तर स्तर पर सभी विषयों के दो प्रश्नपत्र प्राध्यापकों से तैयार करवाए जाते हैं। इनमें से एक प्रश्नपत्र का चयन लॉटरी के आधार पर होता है। इसकी छपाई करके विवि संबद्ध महाविद्यालयों को प्रेषित करता है। प्रश्नपत्र के एक सेट को पेपर लीक सहित अन्य आपातकालीन स्थिति के लिए रखा जाता है।



### महाविद्यालय प्रबंधन से शिकायत

*छात्रों को जब प्रश्नपत्र मिले तो उन्होंने 10 अंकों के सवाल को छोड़कर शेष अन्य सवालों को हल कर लिया। बाद में विद्यार्थियों ने अपने प्राध्यापकों और महाविद्यालय प्रबंधन से इसकी शिकायत की। महाविद्यालय प्रबंधन ने छात्रों को विश्वविद्यालय के समक्ष अपनी समस्याएं रखने कहा है। गौरतलब है कि एमकॉम के अंतर्गत इनकम टैक्स ही एकमात्र ऐसा विषय है, जिसकी पठन सामग्री प्रत्येक वर्ष परिवर्तित होती है।*

### कार्रवाही करेंगे

किसी तरह की शिकायत अब तक प्राप्त नहीं हुई है। यदि किसी छात्र को समस्या है तो वे विवि आकर संपर्क कर सकते हैं। हम नियमानुसार जांच कर कार्रवाई करेंगे।

**-प्रो.राजीव चौधरी,** मीडिया प्रभारी, रविवि

### सूचकांकित लागत संबंधित सवाल

इनकम टैक्स प्रश्नपत्र के अंतर्गत एक यूनिट इंडेक्सिंग कास्ट अर्थात सूचकांकित लागत का होता है। इसमें विद्यार्थियों को लागत के संदर्भ में अध्ययन कराया जाता है। उदाहरणस्वरूप यदि किसी भवन निर्माण की लागत 2005 में 5 लाख थी तो उसी भवन की निर्माण लागत वर्तमान में कितनी होगी, इसका अध्ययन इसमें होता है। लागत के इस अंतर को ही सूचकांकित लागत कहा जाता है। यह प्रत्येक वर्ष परिवर्तित होता है।

## शहर के 13 थानों के टीआई सहित 17 का स्थानांतरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के 13 थानों के टीआई सहित 17 थानेदारों का एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने बुधवार को स्थानांतरण आदेश जारी किया है। जिन थानों के टीआई बदले गए हैं, उनमें शहर के संवेदनशील थाने में शामिल टिकरापारा भी शामिल है। टिकरापारा थाने की जिम्मेदारी तेलीबांधा टीआई विनय सिंह बघेल को दी गई है। एसएसपी द्वारा जारी सूची के मुताबिक रक्षित निरीक्षक वैभव मिश्रा ट्रैफिक टीआई, अनीस सारथी यातायात से

▶▶| शेष पेज 14 पर

- एसएसपी के आदेश पर थानों के टीआई का स्थानांतरण किया गया

## अब अदालतों के फैसलों-आदेश की ई-सर्टिफाइड कॉपी मिलेगी ऑनलाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब अदालतों के फैसलों और आदेश की ई सर्टिफाइड कॉपियां ऑनलाइन माध्यम से मिलेंगी। जिन लोगों को ये कॉपी हासिल करनी है, उन्हें ऑनलाइन सिस्टम से ही आवेदन करना होगा। कॉपी के लिए लगने वाला शुल्क भी ऑनलाइन अदा करना होगा। इसके बाद सर्टिफाइड़ कॉपी ईमेल के माध्यम से मिल जाएगी। अब से पहले तक सर्टिफाइड कॉपी

▶▶| शेष पेज 14 पर



### वकीलों-पक्षकारों के लिए होगी आसानी

इस संबंध में रायपुर के अधिवक्ता फैसल रिजवी का कहना है कि पूर्व में सर्टिफाइड़ कॉपी हासिल करने की प्रक्रिया लंबी थी, लेकिन अब इस संशोधन से वकीलों- पक्षकारों के अथेंटिक कॉपी मिल सकेगी। यह बदलाव वकीलों और पक्षकारों के लिए अच्छा है, इससे आसानी होगी।

### अब हुआ ये संशोधन

इस संबंध में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट द्वारा इस संशोधन के संबंध में कहा गया है कि निर्णयों, आदेशों की ई-प्रमाणित प्रतियों का निर्गमन छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय नियम, 2007 द्वारा शासित होगा। प्रमाणित प्रतियों के निर्गमन के लिए सभी पूर्व शर्तें ई-प्रमाणित प्रतियों पर लागू होंगी। बशर्ते कि लंबित मामलों की ई-प्रमाणित प्रतियों के मामले में, आवेदक को ई-प्रमाणित प्रतियों के लिए आवेदन करते समय एक वैध आधार आईडी प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

## मोबाइल और टीवी स्क्रीन कर रहे बच्चों की आंखों को धुंधला, सालभर में 30 हजार बच्चों को लगा चश्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोरोनाकाल बीत चुका है, मगर उस दौरान ऑनलाइन पढ़ाई की वजह से लगी मोबाइल और टीवी देखने की लत नहीं छूटी है। स्क्रीन के सामने ज्यादा वक्त बीतने की वजह से बच्चों की नजर कमजोर हो रही है। आंकड़े चिंताजनक हो सकते हैं कि बीते एक साल में 30 हजार बच्चों को चश्मा लगा है। स्वास्थ्य विभाग ने सरकारी और निजी स्कूलों में जाकर बच्चों की आंखों की जांच की और करीब बीस हजार को आंखों में दवा डालने और सावधानी बरतने की सलाह दी है। स्वास्थ्य विभाग की टीम अंधत्व निवारण अभियान के तहत विभिन्न तरीकों से लोगों की आंखों जांच करती है।

### कोरोनाकाल बीत चुका, नहीं छूटी ज्यादा समय तक मोबाइल और टीवी देखने की लत



### दूसरे प्रभाव भी पड़ रहे

मोबाइल और टीवी, कंप्यूटर का ज्यादा उपयोग बच्चों की नजर को कमजोर कर रहा है। इसके अलावा इसके कुछ दूसरे साइड इफेक्ट भी हो रही है। शिशु रोग विशेषज्ञ डाक्टर निलय मोझरकर के मुताबिक एक स्थान पर बैठे रहने की वजह से उनके शारीरिक और मानसिक विकास पर विपरीत असर पड़ता है, वे एकाकी रहना पसंद करने लगते हैं स्वभाव चिड़चिड़ाहट आने लगती है।

### गेम होता है खतरनाक

बच्चे मोबाइल अथवा कंप्यूटर पर ज्यादा समय गेम खेलकर बिताते हैं। ज्यादा देर तक गेम में ध्यान रहने की वजह से बच्चे उसे वास्तविक समझने लगते है। मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ डा. डीएस परिहार के मुताबिक ऐसे कई मामले सामने आते है जिसमें बच्चा गेम की दुनिया में खुद के एक सदस्य समझने लगता है और उसी तरह की हरकत करने लगता है।

एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटें
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
- ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
- पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
- एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

# कार्यालयीन समय 10 बजे, लेकिन 11 बजे तक पहुंचते रहे अधिकारी-कर्मचारी, भड़के कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

खास खबर

■ जिला शिक्षा कार्यालय का औचक निरीक्षण, आधा दर्जन पहुंचे देर से

कलेक्टर डॉ.गौरव कुमार ने बुधवार को जिला शिक्षा कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान दर्जनभर से अधिक अधिकारी और कर्मचारी निर्धारित समय से विलंब से पहुंचे। इस पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए कई कर्मचारियों को फटकार भी लगाई। कलेक्टर यहां निरीक्षण के लिए सुबह 10 बजे ही पहुंच गए थे। रजिस्टर मंगवाकर उन्होंने खुद हाजिरी ली। जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल भी कार्यालय में नहीं रहे। उन्हें फोन करने पर उन्होंने बताया कि वे एक विद्यालय के कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे हैं। अन्य अनुपस्थित कर्मचारियों की भी जानकारी ली गई। विलंब से कार्यालय पहुंचने वालों के नाम दर्ज किए गए। उन्हें बाद में नोटिस प्रेषित करने की बात कही गई। इसके अतिरिक्त अन्य व्यवस्थाओं का उन्होंने जायजा लिया।

### हरिभूमि निरंतर चला रहा है अभियान

गौरतलब है कि पिछली सरकार ने साप्ताहिक अवकाश रविवार के साथ शनिवार भी कर दिया था। शनिवार को कार्य के स्थान पर सोमवार से शुक्रवार तक वर्किंग टाइम में वृद्धि कर दी गई थी। आदेश के पश्चात कार्यालयीन दफ्तरों में काम प्रारंभ होने का समय 11 के स्थान पर प्रातः 10 बजे हो गया है, लेकिन शासकीय कर्मचारी अब भी 11 बजे तक ही दफ्तर पहुंच रहे हैं। अधिकतर शासकीय संस्थानों में यही स्थिति है। हरिभूमि समय-समय पर इससे संबंधित खबरों का प्रकाशन करता रहा है। जिला शिक्षा कार्यालय में भी कर्मचारियों-अधिकारियों के विलंब से पहुंचने के कारण छात्रों और पालकों को आवश्यक कार्यों के लिए परेशान होना पड़ता है।



## खबर संक्षेप



### हनुमान मंदिर में सैकड़ों भक्तों ने किया प्रसाद ग्रहण

**रायपुर।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर प्रांगण में एक दिवसीय अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। इसके बाद प्रसादी वितरण किया गया, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही हनुमान जी का दर्शन करके अपने जीवन को सफल बनाया।

### समस्याओं को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**रायपुर।** संतरामदास वार्ड अंतर्गत रामनगर, भवानी नगर, भरत नगर, कृष्णा नगर सहित विभिन्न मोहल्लों के रहवासियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर बुधवार को कलेक्टर गौरव सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन लेने के बाद कलेक्टर ने लोगों की समस्याएं सुनकर उसका निराकरण करने का आश्वासन दिया है। कलेक्टर ने कार रुकवाकर सुनी लोगों की समस्या वार्ड के जनप्रतिनिधि ईश्वरी नामदेव के नेतृत्व में संतरामदास वार्ड के कई मोहल्लों के लोग बड़ी संख्या में कलेक्टर से मिलने पहुंचे थे। इनमें महिलाओं की संख्या ज्यादा थी। सभी लोग संपत्ति टैक्स, यूजर चार्ज, बिजली दर में वृद्धि, बच्चों को छात्रवृत्ति नहीं मिलने, राशन दुकान में शक्कर व नमक नहीं मिलने सहित कई समस्याएं लेकर पहुंचे थे।

### महिला आयोग की अध्यक्ष ने पुलिस महानिदेशक को लिखा पत्र

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक ने आयोग में एक महिला द्वारा की गई शिकायत के आधार पर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखा है। इस पत्र के माध्यम से आयोग ने पुलिस महानिदेशक से प्रदेश के सभी जिलों के थानों एवं पुलिस कर्मियों को निर्देश देने की अनुशंसा की है। इसके तहत उन्होंने कहा कि महिलाओं के आवेदन पर थाना हो या पुलिस संबंधित अन्य कोई विभाग, त्वरित कार्यवाही होनी चाहिए, साथ ही उनके आवेदन की गोपनीयता भी भंग नहीं होनी चाहिए। आयोग ने पत्र में लिखा है कि आयोग में एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके वकालत करने के पेशे से उसके ससुराल वाले नाराज रहते हैं उसकी बेइज्जती करते रहते हैं। महिला ने इसकी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, लेकिन वहां पदस्थ एक प्रधान आरक्षक ने आवेदिका के आवेदन की गोपनीयता भंग करते हुए इसकी जानकारी उसके ससुर को दे दी।

## निधन

### पं. यश शर्मा

**रायपुर।** तेलीबांधा निवासी पं. यश शर्मा का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 16 जनवरी को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से तेलीबांधा मुक्तिधाम के लिए निकलेंगी। वे स्व. पं. राजकुमार शर्मा के पुत्र थे।



## डूमरतराई सब्जी मंडी में जगह-जगह गंदगी

# प्रबंधन और ठेकेदार पर निगम ने लगाया जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

डूमरतराई सब्जी मंडी में जगह-जगह गंदगी फैली रहती है, जिसके कारण हर दिन यहां सब्जी की खरीदी करने पहुंचने वालों के साथ आसपास कालोनी व बस्ती में रहने वाले लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नगर निगम के कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने भी इस मंडी का पूर्व में भ्रमण कर यहां फैली गंदगी पर नाराजगी जताई थी। कमिश्नर की नाराजगी के बाद भी मंडी में गंदगी का आलम बना हुआ है। इस पर ही निगम ने मंडी समिति के प्रबंधन पर 25 हजार रुपए तथा इस क्षेत्र के सफाई ठेकेदार पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। जोन-10 कमिश्नर राकेश शर्मा ने बताया कि डूमरतराई सब्जी मंडी में बुधवार को निगम की टीम ने निरीक्षण किया।

■ टीम ने इस मामले में मंडी समिति प्रबंधन पर 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया

इस दौरान मंडी में जगह-जगह खराब सब्जियों की गंदगी पसरी मिली, वहीं पानी निकासी की जगह भी कचरों का ढेर मिला, जिसके कारण पानी की निकासी भी नहीं हो पा रही थी। टीम ने इस मामले में मंडी समिति प्रबंधन पर 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। साथ ही टीम ने इस क्षेत्र के सफाई ठेकेदार श्रीसांई इंटर प्राइजेस पर भी नियमित सफाई नहीं कराकर कार्य में लापरवाही बरतने पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। निगम अधिकारियों ने समिति प्रबंधन और सफाई ठेकेदार को भविष्य में इस तरह से गंदगी मिलने पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी है।

## नगर निगम प्रशासन ने किया नया मॉनिटरिंग सिस्टम लांच

# जिस वार्ड में जाएंगे अधिकारी-कर्मचारी ऑनलाइन दिखेगा वहां का प्रोजेक्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

अलग खबर

नगर निगम रायपुर ने एक ऐसा एप लांच किया है, जिसके माध्यम से अब निगम क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के तहत किए जा रहे कार्यों की स्थिति की जानकारी ऑनलाइन मिलेगी। आईटी मैनेजर रणजीत रंजन ने बताया कि शहर के किसी भी वार्ड में अधिकारी-कर्मचारी भ्रमण करते हैं, तो उनके लोकेशन के आधार पर 5 सौ मीटर के दायरे में चल रहे सभी प्रोजेक्ट के कार्यों की स्थिति जीपीएस आईकन के रूप में नक्शे में दिखाई देगी। यह आईकन अलग-अलग रंगों में नक्शे में प्रदर्शित होगा। इसमें संतरे रंग के आईकन में प्रगतिरत कार्य दिखेंगे, जबकि हरे रंग के आईकन में पूर्ण हो चुके कार्य दिखेंगे।

### प्रोजेक्ट का नाम, टेंडर, मद राशि, ठेकेदार समेत अन्य जानकारी भी एप में मिलेगी

निगम ने कुछ दिनों पूर्व फायनॉन्स मैनेजमेंट सिस्टम लागू किया है, जिसमें शहर में चल रही सभी योजनाओं की पूरी जानकारी जैसे कि योजना का नाम, टेंडर की तारीख, टेंडर की राशि, मद का नाम, ठेकेदार का नाम, भौतिक प्रगति, वित्तीय प्रगति एवं योजना को पूर्ण किए जाने का प्रस्तावित आदि की एंट्री फायनॉन्स मैनेजमेंट सिस्टम में की जा रही है। इसी के आधार पर वित्त विभाग द्वारा भुगतान किया जाता है। इस एप में अब प्रोजेक्ट के सभी कार्यों की भौतिक स्थिति को ऑनलाइन नक्शे में देखने के लिए मॉनिटरिंग सिस्टम को भी शामिल किया है।

### टीएल समीक्षा की बैठक में नया सिस्टम लांच

निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा की उपस्थिति में बुधवार को निगम मुख्यालय भवन में साप्ताहिक टीएल समीक्षा की बैठक हुई।इस बैठक में इस प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग सिस्टम को लांच किया गया। इस अवसर पर अभियंता, जोन कमिश्नर, लोक कर्म विभाग सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारी भी मौजूद रहे।



### न ही मशक्कत करनी होगी और न होगा कामकाज प्रभावित

निगम के सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को उनके विभागों से संबंधित प्रोजेक्ट के कार्यों की स्थिति की रिपोर्ट तैयार कर प्रत्येक सप्ताह टीएल की बैठक में प्रस्तुत करना होता है। इसके लिए अधिकारी-कर्मचारी सप्ताहभर तक रिपोर्ट इकट्ठा करने में जुटे रहते हैं, लेकिन एप के आने के बाद अब सभी जानकारी ऑनलाइन दिखाई देगी। इससे अधिकारी-कर्मचारियों का समय भी बचेगा और अन्य कामकाज भी प्रभावित नहीं होंगे।

### इंजीनियरों को जाना होगा प्रोजेक्ट स्थल, गुणवत्ता में आएगा सुधार

यह नया एप जीपीएस से कनेक्टेड है, वहीं किसी भी प्रोजेक्ट का भौतिक सत्यापन अब इसी एप से होना है। इसे देखते हुए अब प्रोजेक्ट से संबंधित इंजीनियरों को भी कार्यों का भौतिक सत्यापन करने के लिए प्रोजेक्ट स्थल में 5 सौ मीटर के दायरे में रहकर करना होगा, क्योंकि जीपीएस 5 सौ मीटर के दायरे के बारे में काम नहीं करेगा, जिससे प्रोजेक्ट का भौतिक सत्यापन भी एप के नक्शे में दिखाई नहीं देगा। इंजीनियरों के रेगुलर स्पॉट पर जाने से कार्य भी गुणवत्ता के साथ हो पाएंगे। कई इंजीनियर ऐसे भी जो रेगुलर निरीक्षण करने नहीं जाते और न ही कार्य की गुणवत्ता देखते है। इस कारण कई बार ठेकेदार गुणवत्ताहीन कार्य कराकर भी राशि का भुगतान करा लेते है, जिसके कारण बाद में लोगों को परेशानी होती है। एप के कारण अब इंजीनियरों को स्पॉट पर जाना अनिवार्य होगा, जिससे वे गुणवत्ता को भी परखेंगे। इस तरह गुणवत्ता के साथ कार्य हो पाएंगे।

# दिल्ली में कोहरा, एक उड़ान रद्द, बाकी का संचालन विलंब से



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

दिल्ली समेत उत्तर भारत में कोहरे की वजह से विमानों की आवाजाही प्रभावित होने का दौर जारी है। बुधवार को दिल्ली से रायपुर आने वाली एक फ्लाइट कैंसिल रही, वहीं अन्य की उड़ान अपने निर्धारित समय पर नहीं हो सकी। अभी स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए ही इंडिगो के साथ एयर इंडिया अपनी फ्लाइट का संचालन करती है।

■ इंडिगो और एयर इंडिया की फ्लाइट करती है आवाजाही

दिल्ली में काफी दिनों से कोहरा छाने की समस्या आ रही और इसकी वजह से वहां से विभिन्न शहरों के लिए आवाजाही करने वाली फ्लाइट का संचालन प्रभावित हो रहा है। दिल्ली-रायपुर-दिल्ली के बीच अभी नियमित रूप से इंडिगो की चार और एयर इंडिया की दो फ्लाइट का संचालन किया जाता है। इनकी आवाजाही समय पर नहीं हो पा रही है और यह दौर बुधवार को भी जारी रहा। ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े सूत्रों के मुताबिक दिल्ली से उड़ान भरकर शाम 5.25 बजे रायपुर में लैंड होने वाली फ्लाइट का संचालन आज नहीं हुआ। इसके अलावा एयर इंडिया की सुबह और शाम के शेड्यूल में उड़ान भरने वाला विमान अपने समय से आधे से दो घंटे तक लेट रहा। इंडिगो की शेष तीन फ्लाइट दिल्ली से विलंब से रायपुर के लिए उड़ी और यहां से उसकी वापसी भी देर से हुई।

# पाइपेक पद्धति से पेट की झिल्ली के कैंसर का उपचार, पांच दिन में बेहतर हुई महिला की स्थिति

■ क्षेत्रीय कैंसर संस्थान के डाक्टरों ने पहली बार किया विधि का उपयोग

■ लेप्रोस्कोपिक प्रक्रिया से मरीज के पेट में सीधे पहुंचा कीमोथैरेपी



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

पेट में कैंसर की समस्या से जूझ रही ओडिशा की अधेड़ महिला को आंबेडकर अस्पताल के क्षेत्रीय कैंसर संस्थान में उपचार के बाद काफी राहत मिली है। लेप्रोस्कोपिक प्रक्रिया के तहत कीमोथैरेपी को सीधे पेट तक पहुंचाने के लिए पाइपेक पद्धति का उपयोग किया गया। पांच दिन में हालत में सुधार के बाद महिला को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

डाक्टरों का दावा है कि किसी भी शासकीय कैंसर अस्पताल में इस विधि का उपयोग मरीज के इलाज में पहली बार किया गया है। कैंसर सर्जन डा. आशुतोष गुप्ता ने बताया कि पाइपेक यानी प्रेशराइज्ड इंट्रापेरिटोनियल एरोसोलाइज़्ड कीमोथैरेपी, कैंसर बीमारी में दी जाने वाली कीमोथैरेपी का ही एक प्रकार है। यह उदर गुहा में दबाव के साथ कीमोथैरेपी को पहुंचाती है, जिससे कैंसर कोशिकाओं को फैलने से रोकने में मदद मिलती है। ओडिशा की रहने वाली 54 वर्षीय महिला मरीज का इस विधि से उपचार के पांच दिन बाद अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। कीमोथैरेपी की उच्च सांद्रता के कारण कैंसर कोशिकाओं से लड़ने की क्षमता में वृद्धि होती है और अन्य अंगों को नुकसान कम होता है। क्षेत्रीय कैंसर संस्थान के संचालक एवं शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर के अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी ने बताया कि यह एक सुरक्षित और प्रभावी उपचार प्रक्रिया है, जो कीमोथैरेपी के प्रभाव को बढ़ाता है। कोलोरेक्टल कैंसर, डिम्बग्रंथि का कैंसर और गैस्ट्रिक कैंसर जैसे कैंसर बीमारियों में कीमोथैरेपी के नये विकल्प के रूप में इसे अपनाया जा सकता है। प्रयास करेंगे कि भविष्य में कैंसर के अन्य मरीजों को भी इस उपचार सुविधा का लाभ मिल सके।

## बिजनेस साइट

### डिज्नीलैंड मेला में 3-डी और वर्चुअल रियलिटी बना युवाओं के बीच आकर्षण का केन्द्र



**रायपुर।** रावणभाठा मैदान में आयोजित डिज्नीलैंड मेला इस बार 3-डी और वर्चुअल रियलिटी (वीआर) तकनीकों से युवाओं को खासा आकर्षित कर रहा है। इन तकनीकी झलकियों के जरिए दर्शकों को एक नई और रोमांचक दुनिया में प्रवेश मिलता है। 3-डी अनुभव में एनीमेटेड फिल्मों और सजीव दृश्यों के साथ रोमांचक गतिविधियां पेश की जा रही हैं, जबकि वीआर गेम्स और इंटरएक्टिव सिमुलेशन ने युवाओं के बीच जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की है। विशेष जोन में स्पेस एडवेंचर, रोलर कोस्टर राइड्स और फाइटिंग गेम्स जैसे रोमांचक अनुभव उपलब्ध हैं। मेले में स्क्रीम टॉवर, जॉइंट व्हील और इंटरनेशनल फिश टनल जैसे अद्वितीय आकर्षण हैं, जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। 6,000 वर्गफुट में फैला एक्वेरियम, जिसमें दुर्लभ मछलियां हैं, बच्चों और बड़ों को समान रूप से आकर्षित करता है। इसके अलावा, जायंट व्हील, कोलंबस और ड्रैगन झूला जैसे रोमांचक झूले भी हैं। मेले में स्वादिष्ट भोजन और शॉपिंग के अनुभव भी हैं, जो इसे हर किसी के लिए एक यादगार स्थल बना रहे हैं।

### छत्तीसगढ़ आयुर्वेदिक सम्मेलन में राज राजेश्वरी को प्रथम पुरस्कार



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आयुर्वेदिक सम्मेलन में राज राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केंद्र ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। इस सम्मेलन में प्रदेशभर के आयुर्वेदिक चिकित्सकों ने भाग लिया और 10 प्रमुख प्रतिभागियों के बीच राज राजेश्वरी की प्रस्तुति को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया। सम्मेलन में विभिन्न आयुर्वेदिक विषयों पर गहन चर्चा और प्रस्तुतियां हुईं, जिनमें राज राजेश्वरी की प्रस्तुति ने अपनी गहरी जानकारी, प्रभावशाली तरीके और अनुसंधान आधारित तथ्यों से सभी का ध्यान आकर्षित किया। राज राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केंद्र के संचालक डॉ. के बी श्रीनिवास ने खुशी जताते हुए कहा कि यह पुरस्कार आयुर्वेद के क्षेत्र में और अधिक जागरूकता और रुचि पैदा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
माता-पिता बनने का अनमोल अहसास
स्त्री एवं पुरुष बांझपन की संपूर्ण जांच एवं इलाज
नि:संतान दंपत्तियों हेतु आधुनिक पध्दति से उपचार
अण्डाणु बनने की प्रक्रिया की जांच
हार्मोनल समस्या का ईलाज (PCOD)
बढ़ती उम्र की वजह से नि:संतानता का इलाज
फेलोपियन ट्यूब बंद का इलाज
ब्लास्टोसिस्ट ट्रांसफर की सुविधा
बार-बार गर्भपात की जांच एवं सफल इलाज
गर्भ संस्कार पर आधारित इलाज
संपूर्ण जांच एवं इलाज के लिए विश्वसनीय डॉक्टरों की टीम
97551 62611
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

## पेज 13 के शेष ...

### छत्तीसगढ़ में पहली बार ...

है। जब-जब भाजपा के राजनैतिक एजेंडे को पूरा करना होता है, जहां भी छोटा, बड़ा चुनाव हो, वहां विपक्षी दलों के नेताओं को बदनाम करने के लिये ईडी कार्रवाई करती है। छत्तीसगढ़ में पंचायत और नगरीय निकाय के चुनाव हैं। ऐसे में ईडी भाजपा के इशारे में काम कर रही है। भाजपा चुनाव को टालने में लगी हुयी है। चुनाव कराना भाजपा की मजबूरी है, तो अब विपक्ष को टारगेट करने की कोशिश की जा रही है। कवासी लखमा की गिरफ्तारी ईडी ने भाजपा के राजनैतिक एजेंडे को पूरा करने के लिये की है। लखमा की गिरफ्तारी पर भाजपा ने कहा है कि लखमा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के षड्यंत्रों का शिकार हैं। उन्होंने अपने घोटालों को अंजाम देने के लिए लखमा को मोहरे के तौर इस्तेमाल किया।

### शहर के 13 थानों के टीआई...

रक्षित निरीक्षक, विनय सिंह बघेल तेलीबांधा से टिकरापारा, मनोज साहू टिकरापारा से खम्हारडीह, नरेंद्र कुमार मिश्रा खम्हारडीह से तेलीबांधा, सचिन सिंह मंदिर हसौद से खमतराई, शिव नरायाण सिंह खमतराई से डीडीनगर, शिवेंद्र राजपूत डीडीनगर से विधानसभा, यशवंत प्रताप सिंह विधानसभा से गंज, प्रमोद कुमार सिंह आजाद चौक से राजेंद्र नगर, जितेंद्र ताम्रकर राजेंद्र नगर से आजाद चौक, लखन लाल पटेल गंज से यातायात, अविनाश सिंह पुलिस लाइन से मंदिर हसौद, श्रुति सिंह कंट्रोल रूम से सरस्वती नगर, स्वराज त्रिपाठी सिविल लाइंस से कंट्रोल रूम प्रभारी, रविंद्र कुमार यादव सरस्वती नगर से ट्रैफिक, नरेंद्र साहू डीडीनगर से अजाक स्थानांतरण किया गया है।

### अब अदालतों के फैसलों...

मैन्युअल माध्यम से हार्डकापी के रूप में मिला करती थी। इस बदलाव के लिए भारत के संविधान के अनुच्छेद 225 एवं 227 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय नियम, 2007 में संशोधन किया गया है, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

**आवेदन देना होगा ऑनलाइन** : ई-प्रमाणित प्रतियों के लिए आवेदन केवल ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन होगी। ई-प्रमाणित प्रतियों के लिए भुगतान केवल इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से किया जाएगा और स्वीकार किया जाएगा। तैयार ई-प्रमाणित प्रतियाँ केवल ईमेल के माध्यम से वितरित की जाएंगी। वह भी बकाया शुल्क का भुगतान करने के बाद। भौतिक वितरण के अनुरोधों पर विचार नहीं किया जाएगा। यदि किसी आवेदक ने आवश्यक शुल्क से अधिक राशि का भुगतान किया है, तो अधिशेष राशि वापस कर दी जाएगी। रिफंड किया जाएगा, बशर्ते ई-प्रमाणित प्रति जारी होने के 30 दिनों के भीतर आवेदन किया जाए, जिसमें उस बैंक खाते का विवरण हो जिसमें राशि हस्तांतरित की जानी है। इस अवधि के बाद, रिफंड के लिए कोई अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा।


राइनोप्लास्टी
नाक को सही (रिशेपिंग) करना
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
दार्जिलिंग गैंगटोक

9 दिन
25 मार्च से 02 अप्रैल 2025, 15 अप्रैल से 23 अप्रैल 2025
05 मई से 13 मई 2025, 05 जून से 13 जून 2025
राशि:-स्लीपर 12500/-, 3 एसी 22,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते हैं।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉर्म में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें।
संपर्क करें-
7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

हरिभूमि लाइव

रायपुर, गुरुवार 16 जनवरी 2025

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



सरोकार से जुड़ी संस्थाएं व कॉलोनियां ....

## लाइव इवेंट

## जंगल सफारी में शैक्षणिक टूर संग स्पीच सत्र को छात्रों ने किया एंजॉय



**रायपुर।** पेड़, हरियाली और स्वच्छ हवा के बीच छात्रों के लिए समय बिताना बेहद खास रहा। श्री दावड़ा विश्वविद्यालय के स्टूडेंट के लिए एजुकेशनल टूर रखा गया। इसके तहत स्टूडेंट को नंदनवन और जंगल सफारी नया रायपुर का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को जलवायु परिवर्तन और वन्य जीवों की महत्ता से अवगत कराना था। इस कड़ी में स्पीच सेशन भी रखा गया। जहां विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों को संगठित करके नंदनवन और जंगल सफारी ले जाया गया। विवि के शैक्षणिक भ्रमण दल की अगुवाई वनस्पति एवं जीव विज्ञान के प्राध्यापकों ने किया।

**श्री दावड़ा विश्वविद्यालय के स्टूडेंट ने देखी प्राकृतिक छटा**

### छात्रों को दिया व्यावहारिक ज्ञान

जंगल सफारी कर्मियों द्वारा विद्यार्थियों को वन्यजीवों एवं वनस्पतियों के साथ-साथ भौगोलिक क्षेत्र की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने यहां पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान भी प्राप्त किया। भ्रमण के दौरान एक व्याख्यान शिविर का भी आयोजन किया गया। इसको संबोधित करते हुए जंगल सफारी के कार्मिक उपेंद्र साहू ने कहा कि जलवायु परिवर्तन से सतर्कता की कार्रवाई के बारे में जानकारी युवाओं को होनी चाहिए। मानवीय गतिविधियों के कारण पर्यावरण का क्षरण हो रहा है। इस संबंध में हमें ध्यान रखना चाहिए कि हमारी गतिविधियों का प्रतिकूल प्रभाव पर्यावरण पर नहीं पड़े।

### चहुंमुखी विकास के लिए यात्रा

*विश्वविद्यालय के महानिदेशक डॉ. चार्मी दावड़ा ने इस शैक्षणिक भ्रमण के संदर्भ में कहा, ऐसे आयोजन भविष्य में आयोजित किए जाते रहेंगे। शैक्षणिक भ्रमण का महत्व केवल बौद्धिक नहीं, बल्कि पारिस्थिति व सामाजिक चेतना से भी संबंधित है। विवि के मुख्य कार्यपालन अधिकारी चिन्मय दावड़ा ने बताया कि इस प्रारंभिक शिक्षा के पश्चात उच्च शिक्षा में हमारा प्रयास सदैव बौद्धिक, व्यावहारिक एवं सामाजिक रूप में उत्कृष्ट विद्यार्थियों का निर्माण करना है। इस भ्रमण के विविध शैक्षणिक लाभ छात्रों को मिलेगा।*

## सिटी इवेंट

## आटो एक्सपो में आएंगी लग्जरी गाड़ियां आरटीओ टैक्स में 50 फीसदी छूट



**रायपुर।** ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (राडा) द्वारा 'ऑटो एक्सपो' की शुरुआत 16 जनवरी से की जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एक्सपो का उद्घाटन करेंगे। साइंस कॉलेज मैदान में हो रहे एक्सपो में वाहनों की खरीदी पर आरटीओ शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी। गौरतलब है, पहले एक्सपो की तारीख 15 जनवरी तय थी, लेकिन आयोजन स्थल पर युवा उत्सव के स्टाल लगे होने की वजह से उदघाट्न एक दिन आगे बढ़ाया गया है। 16 के उद्घाटन कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल,विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, मोतीलाल साहू व पुरदंर मिश्रा मौजूद रहेंगे।

**ऑटो एक्सपो में देशभर से ऑटोमोबाइल डीलर्स के वाहन, आज उदघाट्न**

### उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री

आयोजकों में शामिल मनीष सिंघानिया ने ऑटो एक्सपो के संबंध में जानकारी साझा की। राष्ट्रीय स्तर के ऑटो एक्सपो में सभी प्रकार के व्हीकल्स की खरीदी पर आजीवन रोड टैक्स पर 50 फीसदी की छूट तय की गई है। यह एक्सपो 16 जनवरी से 16 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का संचालन भी साइंस कॉलेज मैदान में किया जा रहा था, जिसके कारण एक्सपो की पूरी तैयार करने में एक दिन का अधिक वक्त लग रहा। गुरुवार को सुबह 12 बजे तक देशभर के ऑटो ऑटोमोबाइल डीलर्स अपनी व्हीकल्स के साथ उपस्थित रहेंगे। ऑटो एक्सपो में 150-200 स्टॉल लगने जा रहा है, इसमें इलेक्ट्रिक, कमर्शियल, ई-पैसेंजर, ट्रक जैसे अनेक व्हीकल्स मौजूद रहेगा। बुधवार को लगभग 30-40 व्हीकल्स की बुकिंग कराई गई, एचएसआरपी नंबर और आरटीओ की मंजूरी गुरुवार को मिलेगा।

## राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर अलग-अलग क्षेत्र में काम करने वाले युवाओं ने साझा किया अपना अनुभव

# नौकरी की बजाय युवाओं का स्टार्टअप में बढ़ रहा रूझान, खुद रोजगार का करने लगे हैं सृजन

*'समय के साथ युवाओं की सोच में क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिल रहा है। जो युवा पहले नौकरी के लिए दिन-रात मेहनत करते थे, वे अब आत्मनिर्भर बनने के लिए खुद का स्टार्टअप शुरू करके दूसरों को नौकरी देने की जुगत लगाने लगे हैं। अलग-अलग क्षेत्र में स्टार्टअप तैयार करने वाले युवाओं से हरिभूमि ने राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के मौके पर संवाद करते हुए उनके प्रयासों के बारे में जानने का प्रयास किया।'*

**रायपुर।** शहर के युवाओं में स्टार्टअप को लेकर उत्साह बढ़ रहा है। वे पढ़ाई करने के बाद नौकरी करने की बजाय अपना स्टार्टअप चलाने पर ज्यादा जोर दे रहे हैं। हरिभूमि ने बुधवार को राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर शहर के अंतर्राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान व शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के युवाओं से उनके स्टार्टअप के बारे में जानने का प्रयास किया। इसमें शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज सेजबहार की छात्रा किरण जोगी ने बताया कि मैंने ऑटोमैटिक वाइस कंट्रोल व्हीलचेयर बनाया है। इसमें ब्लूटूथ डिवाइस का उपयोग किया है। यह मोबाइल से कनेक्ट होने से जो बुजुर्ग और दुर्घटनाग्रस्त लोग चल नहीं पाते हैं, ऐसे लोगों के लिए वरदान जैसा है। वहीं, कॉलेज के अक्षत सोनी और साथियों ने गरुड़ एग्रोटेक नाम से किसानों के लिए दो ड्रोन बनाए हैं, जिससे कृषि कार्य में आसान होगी।

### गांव में चला रहे मर्चेंडाइज स्टार्टअप



ट्रिपलआईटी नया रायपुर से 2024 में पासआउट हुए मेराज मलिक बताते हैं कि 2022 में अपने छह दोस्तों वेदिका मिश्रा, भाव्य आलोक, अमान काजी, किशन मिश्रा, विनायक श्रीवास्तव व अमन सिंह के साथ मिलकर स्टार्टअप शुरू किया। कॉलेज में होने वाले इवेंट्स के लिए यूनीस्टाइल नाम से मर्चेंडाइज बनाना शुरू किया। इसमें टीशर्ट, हूडी, स्पोर्ट्स किट को शामिल किया। बढ़ती मांग को देखते हुए ऑर्डर पर भी रायपुर के अन्य संस्थानों आईआईटी, एनआईटी, एम्स के युवाओं के लिए मर्चेंडाइज बनाना शुरू किया। वर्तमान में वह अकेले यूनीस्टाइल स्टार्टअप को चला रहे हैं। मेराज बताते हैं कि उनके मर्चेंडाइज की मैन्युफैक्चरिंग दिल्ली से होती है। उनकी मर्चेंडाइज देश के कई आईआईटी, एनआईटी, ट्रिपलटाईटी, एम्स , लॉ आदि कॉलेजों में बिकती है।

### दिव्यांग ग्राहकों को भी कर रहे सर्व



शहर के प्रियंक पटेल नुक्कड़ कैफे नाम से स्टार्टअप चला रहे हैं। जहां पर कुक, वेटर व बिलिंग करने वाले सभी मूकबधिर हैं। नुक्कड़ कैफे में ग्राहक इशारों से ऑर्डर देते हैं। पहली बार कैफे में आने वाले व्यक्ति को ऑर्डर देने में परेशानी नहीं होगी। आगे बताया कि यह दिव्यांगों को रोजगार और सम्मान देने का प्रयास है। दिव्यांगों में छिपी हुई प्रतिभा होती है। उन्होंने भिलाई से 2007 में इंजीनियरिंग की पढ़ाई के बाद दिल्ली व मुंबई में 5 साल नौकरी की, लेकिन उनका मन नहीं लगा। 2013 में उन्होंने नुक्कड़ कैफे नाम से स्टार्टअप शुरू किया, जिसमें दिव्यांगों को रोजगार देना प्राथमिकता में रखा। फिलहाल वह समता कॉलोनी, न्यू राजेन्द्र नगर व वीआईपी रोड में नुक्कड़ कैफे चला रहे हैं। वहीं, एक भिलाई के नेहरु नगर में भी कैफे है। इन चारों जगह कुल 80 लोग काम करते हैं, जिनमें 50 दिव्यांग हैं। उनके कैफे में आने वाले दृष्टिहीन ग्राहकों के लिए ब्रेल लिपि है, जिससे वे ऑर्डर कर सकते हैं।

### ड्रोन से आसान होंगे कृषि कार्य



शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज सेजबहार के अक्षत सोनी, राहुल सोनी व कामाक्षी कैवर्त ने किसानों के लिए गरुड़ एग्रोटेक नाम से दो ड्रोन बनाया। अक्षत बताते हैं कि यह ड्रोन किसानों के कृषि कार्य में आने वाली बहुत सी परेशानियों से निजात दिलाएगा। इनमें से एक ड्रोन में स्मार्ट कैमरा लगाया है, जिससे खेती में आने वाली रुकावटों से निपटा जा सकेगा। इससे भूमि की उर्वरकता का पता चलेगा। साथ ही यह खेत में पानी की कमी को भी बताएगा। इसके अलावा पौधे किस वजह से नहीं बढ़ रहे हैं, उनमें रोग तो नहीं लगा है, पोषक तत्वों की कमी तो नहीं है, सब कुछ ड्रोन बताएगा। अक्षत बताते हैं कि इस ड्रोन का काम बारीक से बारीक कीड़े की तस्वीर खींचना है। जिसे लैब में एक साथ देखा जा सकता है। इसके अलावा दूसरे ड्रोन का काम तरल कीटनाशक का पौधों के बीच में जाकर छिड़काव करना है। जहां किसान आसानी से नहीं पहुंचते हैं। महीने में दो बार के लिए 1800 रुपए प्रति एकड़ पर काम करते हैं।

## पुणे-बैंगलोर के फूलों से महकेगी लग्न वेदी, धमतरी के लाल गुलाब की डिमांड

**रायपुर।** महीनेभर का खरमास खत्म होने के साथ ही एक बार फिर फूलों के बाजार में रौनक बढ़ने वाली है। शादी का सीजन जहां 17 जनवरी से शुरू होगा। वहीं, फरवरी में ही व्यवसाय बूम करने वाला है। इसे देखते हुए फूलों के कारोबार से जुड़े व्यवसायियों ने पुणे-बैंगलोर ही नहीं, महासमुंद और धमतरी में लाल गुलाब की खेती करने वाले किसानों से भी फूलों की डिमांड करने लगे हैं। व्यापारियों का कहना है, शादी के सीजन में ज्यादा मांग नहीं रहती है, इसलिए कुछ खास तरह के फूल ही बाहर से मंगाते हैं। बल्क में अभी तक आर्डर नहीं दिया है, मगर डिमांड होने पर तीन दिन में फूलों की आपूर्ति देने का करार बड़े शहरों के थोक व्यापारियों से किया है।



### लग्न मंडप सजाने में उपयोग

*लग्न मंडप में वरमाला और सजावट के लिए फूलों की मांग शुरू हो गई है। शहर के फूल व्यापारी प्रतीक और अर्पण चौहान बताते हैं कि जनवरी-फरवरी में 11 शादियों के मुहूर्त है। इन दिनों में ही करीब हजार किलो फूलों की खपत होगी। अब वरमाला के अलावा सजावट में ओरिजनल फूल लगाते हैं। जनवरी और फरवरी के बीच करीब 50 से ज्यादा शादियों की एडवांस बुकिंग हुई है। जिसमें करीब 1 हजार किलो से ज्यादा गेंदा फूल की खपत होगी। आम दिनों में 40-50 रुपए किलो बिकने वाले गेंदा फूल की दर अभी 100 रुपए किलो है। जनवरी-फरवरी में ही करीब 50 से 80 लाख का व्यापार होने की गुंजाइश है।*

### वरमाला का स्टेज भी सजा रहे

महामाया मंदिर के पुजारी पं. मनोज शुक्ला ने बताया कि हिंदू रीति-रिवाजों के तहत खरमास खत्म होते ही अब मांगलिक आयोजन शुरू हो जाएंगे। जनवरी में ही 17, 21, 22 और 30 को भी शादी के लिए उत्तम मुहूर्त है। इसके बाद फरवरी में 04, 06, 07, 13, 20, 21, 25 को मांगलिक आयोजनों के लिए अच्छा मुहूर्त मिल रहा है। अब हर तरह के आयोजनों में फूलों की मांग रहती है। लोग वरमाला के लिए स्टेज सजाने में भी फूलों का इस्तेमाल करने लगे हैं।

## मेक्सिको- कनाडा के विशेषज्ञ कार्यशाला में बता रहे हैं थ्योरी

**रायपुर।** साइंस कॉलेज के विद्यार्थियों को हाइड्रोबायलॉजी विषय पर दूसरे देशों के विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिया जा रहा है। इस सात दिवसीय हाइड्रोबायलॉजी कार्यशाला की शुरुआत 14 जनवरी को हुई। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अमिताभ बनर्जी ने बताया कि इस कार्यशाला में मेक्सिको और कनाडा से भी विषय विशेषज्ञ जुड़ रहे हैं। प्रथम दिवस मेक्सिको के डॉ. एसएसएस ने एक्वाटिक, टैक्सोनॉमी व इकोलॉजी पर व्याख्यान दिया। यह कार्यशाला दो भागों में विभाजित है। विषय विशेषज्ञों का व्याख्यान एवं प्रायोगिक कार्य। प्रथम सत्र में व्याख्यान के बाद द्वितीय सत्र में प्रायोगिक कार्य किए जा रहे, जिसका लाभ विद्यार्थी ले रहे हैं।



### बताई गई फंगस की पहचान

*बुधवार को डॉ. नंदिनी शर्मा द्वारा स्पीसीज डाइवर्सिटी पर व्याख्यान दिया गया। डॉ. एसएस शर्मा और डॉ. प्रज्ञा कुलकर्णी द्वारा स्टडी ऑफ एक्वेटिक मैक्रो फ्लोरा पर व्याख्यान दिया गया। प्रायोगिक कार्यों के अंतर्गत छात्रों ने फंगल आइडेंटिफिकेशन समझा। बताया गया कि किस तरह से स्लाइड बनाकर हम अलग-अलग प्रकार के फंगस को पहचान सकते हैं। किस तरह से इनका वर्गीकरण कर सकते हैं। इसके तहत छात्र-छात्राओं को रायपुर स्थित वॉटरबॉडी विजिट के लिए भी ले जाया जाएगा।*

## सिविल लाइन स्थित युवा संस्था में मुख्य वक्ता डॉ. मंजरी बक्शी ने कहा, लक्ष्य हमेशा बड़ा रखिए

# आगे बढ़ने से आपने जो सीमाएं तय की हैं सिर्फ वही रोकेंगी, इसलिए दायरे में बंधने से बचें

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** राष्ट्रीय युवा दिवस की छात्रों को बधाई देते हुए स्वामी विवेकानंद की पंक्तियों से शुरुआत करते हुए हैप्पीनेस कोच एवं एजुकेशनिस्ट डॉ. मंजरी बक्शी ने सिविल लाइन स्थित युवा संस्था में कहा, 'उठो और तब तक मत रुको, जब तक अपने लक्ष्य को प्राप्त न कर लो।' उन्होंने आईएम अनस्टॉपेबल विषय पर वक्तव्य देते हुए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं से कहा, आपको आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता, अगर रोक सकता है तो स्वयं निर्धारित की गई सीमाएं हैं। इसलिए, खुद दायरे में मत बंधिए और हमेशा अपने लक्ष्य को बड़ा रखिए। उन्होंने संस्था के संस्थापक एम. राजीव को संस्था के 25 वर्ष पूरा करने के लिए बधाई देते हुए निःशुल्क कोचिंग की सुविधा देने के लिए किए जा रहे प्रयास को भी सार्थक बताया।





### प्रकृति के अनुरूप निर्धारित होना चाहिए लक्ष्य

*सीनियर अकाउंट ऑफिसर राकेश कुमार, समाजसेवी एवं कवि लक्ष्मी नारायण लाहोटी और छबिलाल सोनी की मौजूदगी में युवाओं को संबोधित करते हुए आगे कहा कि अवसर समान मिलने पर भी कुछ लोग सफल होते तो कुछ असफल भी होते हैं। इसका कारण उनका भिन्न प्रकृति का होना है। आपका लक्ष्य आपकी प्रकृति अनुरूप निर्धारित होना चाहिए। एक विकसित समाज के लिए आज के समय में सिर्फ मैं ही आगे बढूंगा की सोच को, मेरे साथ सब आगे बढ़ेंगे की सोच से, प्रतिस्थापित करना जरूरी है। इसके लिए युवाओं को भी दूसरे लोगों को शिक्षा में सहयोग के लिए प्रेरित करते हुए प्रयास करने कहा।*

### लक्ष्य पाने सुनियोजित प्रयास करें

इसके अलावा डॉ. बक्शी ने बताया कि विजुलाइजेशन पॉवर एवं सबकोंशियस माइंड की थेरेपी के माध्यम से भी अपने लक्ष्य को सुनियोजित तरीके से हासिल किया जा सकता है। उसके लिए 'छात्रों को करना है, कर लेंगे और कर सकते हैं' का नारा भी उन्होंने दिया। उन्होंने मोटिवेशनल गीतों पर छात्रों को नचाया व स्ट्रेस से दूर रहने के लिए टिप्स भी दिए। अंत में धन्यवाद ज्ञापन देते हुए युवा संस्था के वरिष्ठ सदस्य द्रोहित शिवहरे ने कहा कि डॉ. मंजरी बक्शी द्वारा सुझाए गए विजुलाइजेशन पॉवर व सबकोंशियस माइंड थेरेपी को विद्यार्थी जीवन में अपनाने से भविष्य में भी आपको आगे बढ़ने में सहायक सिद्ध हो सकता है।



**सिटी लाइव**

## पंजाबी- हरियाणवी गीतों-नृत्यों से वार्षिकोत्सव में मचाई धूम



रायपुर। शहर के अश्विनी नगर स्थित चाणक्य विद्यापीठ में धूमधाम से वार्षिकोत्सव 2025 का आयोजन किया गया। इस रंगारंग उत्सव को आकर्षक बनाने में स्कूल के विद्यार्थियों ने कोई कसर नहीं छोड़ी। जहां वार्षिक उत्सव में नर्सरी और यूकेजी के विद्यार्थियों ने धूम मचाई, वहीं उनका उत्साह बढ़ाने के लिए इस बार भी पालक दर्शक दीर्घा में भारी तादाद में मौजूद थे। इनके बीच छोटे बच्चों ने अपनी शानदार प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। यूकेजी के बच्चों व उच्च कक्षाओं के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। जिसे पालकों ने भी उत्साह से कैमरे में कैद किया।

### सजाई मनमोहक नृत्यों की श्रृंखला

खास तौर से बेटियों की सुरक्षा पर आधारित नाटक को बच्चों ने गीतों के आधार पर प्रस्तुत किया। पंजाबी, हरियाणवी, छत्तीसगढ़ी गीतों पर एक से बढ़कर एक मनमोहक नृत्यों की श्रृंखला छात्र-छात्राओं ने सजाई। धार्मिक और देशभक्ति गीत भी आकर्षण का केंद्र रहे। नाटक व नृत्य नाटिका के माध्यम से छात्राओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। स्कूल की प्राचार्य राधिका शर्मा ने भी बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए आशीर्वचन देने के लिए आयोजन में शामिल हुई। वहीं वेदांत शर्मा, शशांक शर्मा और शताक्षी शर्मा ने बच्चों की तैयारी करवाने में सहयोग दिया।

**कैंपस लाइव**

## आत्मरक्षा का गुर सिखाने दे रहे हैं कराटे का प्रशिक्षण



रायपुर। डॉ. राधाबाई शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए कराटे का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण वैल्यू एडेड कोर्स के अंतर्गत है, जिसमें 30 घंटे की अवधि का कोर्स उन्हें कराया जा रहा है। इसके पश्चात सर्टिफिकेट वितरित भी किया जाएगा। प्रशिक्षण महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. प्रीति मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हो रहा है। जिसका उद्देश्य महाविद्यालय में अध्ययनरत अधिक से अधिक छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाना है। जिला कराटे संघ के मुख्य प्रशिक्षक तुलसीराम सपहा ने बताया कि कराटे की कई शैलियां हैं, जिनमें शोटोकन, वाडो-रयू, शितो-रयू, गोजू-रयू प्रमुख हैं।

### कराटे की तकनीक में पंच, किक व स्टांस शामिल

कराटे की शैलियां, कराटे के मूल सिद्धांतों से प्रभावित होती हैं और इनकी अपनी खास तकनीकें होती हैं। कराटे का मतलब है 'खाली हाथ'। कराटे में पंच, किक व स्टांस जैसी तकनीकें शामिल हैं। कराटे के दो प्रमुख स्तंभ हैं- किहोन और काटा। कराटे में किहोन और कुमाइट दोनों ही तरह के अभ्यास होते हैं। काटा में प्री-अप्रूव्ड कोरियोग्राफ किए गए मूवमेंट को सेट किया जाता है। कराटे के बेल्ट का रंग, कराटे की शैली के हिसाब से अलग-अलग हो सकता है। इस कार्यक्रम में डॉ. रुपा सल्होत्रा संयोजक स्टेप सेल, रेबेका बेन खेल अधिकारी व रितेश लहरे उपस्थित रहे।

**समाज इवेंट**

## सामूहिक उपनयन संस्कार के लिए किया विधान, शामिल हुए 50 बटुक



रायपुर। छत्तीसगढ़ ब्राह्मण समाज एवं विप्र शक्ति महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में शहर स्थित विप्र भवन में सामूहिक रूप से उपनयन संस्कार (जनेऊ संस्कार) समारोह का आयोजन बुधवार को किया गया। इसमें समाज के 50 से अधिक बटुक मौजूद रहे। संस्कार समारोह की शुरुआत तेल-हल्दी, मुंडन, नह डोरी रस्मों के साथ की गई। जहां ब्राम्हणों द्वारा वैदिक रीति के साथ मंत्रोच्चार किया गया।

### शोभायात्रा में ब्राम्हण परिवार की भीड़

समिति के अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी ने बताया, जनेऊ संस्कार में छोटे बच्चों से लेकर बड़े युवाओं की उपस्थिति रही। इस अवसर पर विप्र भवन से सुहागा मंदिर तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें दो सो से अधिक लोग मौजूद रहे। आयोजन की शुरुआत जनेऊ संस्कार के महत्व साझा करने से किया गया। इसमें उपस्थित बटुक एवं परिवार के सदस्यों को जनेऊ संस्कार की महत्वता को बताया गया। कहा यह संस्कार, गुरु के पास जाकर वेदों का अध्ययन करने की शुरुआत का प्रतीक है। यह व्यक्ति को वेदों का अध्ययन करने, यज्ञों में हिस्सा लेने और गुरु-शिष्य परंपरा का पालन करने का अधिकार देता है।

● मकर संक्रांति के अवसर को सामाजिक समरसता का रूप दे रहे लोग, जगह-जगह कर रहे आयोजन

# सरोकार से जुड़ी संस्थाएं व कॉलोनियों में लोग मकर संक्रांति की खुशी बांटने मना रहे हैं उत्सव

'मकर संक्रांति को उत्सव का रूप देने के साथ ही कई संस्थाओं से जुड़े मेंबर्स इसे सरोकार का हिस्सा भी बनाने की पहल करने लगे हैं। इस श्रृंखला में संस्थाएं जहां लोगों को परंपराओं से जोड़ने का प्रयास कर रही हैं, वहीं गरीब तबके के लोगों को सहयोग देने के लिए जरूरी सामग्री भी दान देती हैं। यह क्रम मकर संक्रांति बीत जाने के बाद भी जगह-जगह चल रहा है। इसमें महिलाओं की भागीदारी ज्यादा देखने को मिल रही है।'





रायपुर। शहर के वीआईपी रोड स्थित एक प्राइवेट पार्क में मकर संक्रांति को उत्सव का रूप देने और इस आयोजन के माध्यम से आपसी तालमेल बढ़ा रहे हैं। वीई ग्रुप से जुड़ी महिलाओं ने मेला का भी आयोजन किया। रंगीलो राजस्थान थीम से सजाकर यादगार बनाया।

राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और कला को समर्पित था। इस मेले की खासियत यह रही कि जयपुर के प्रसिद्ध आभूषणों की भागीदारी भी रही। जिसमें राजस्थानी परंपरा और सुंदर आभूषणों की विरासत को प्रदर्शित किया गया। यह आयोजन न केवल खरीदारी का अद्भुत अनुभव रहा, बल्कि राजस्थानी कला और संस्कृति को करीब से जानने का एक अनोखा अवसर भी प्रदान किया। इसमें राजस्थानी गीतों पर मनमोहक लोक नृत्यों के साथ ही गीत-संगीत भी विशेष रहा।

### बच्चों को दान किया पानी बॉटल

*दान से बड़ा पुण्य दुनिया में है ही नहीं। वैसे भी मकर संक्रांति पर दान की परंपरा है। ऐसे में इस कार्य के लिए महाराष्ट्र मंडल पीछे कैसे रहता। मकर संक्रांति पर महाराष्ट्र मंडल ने रामनगर चौक व गांधी मैदान में मजदूरों और उनके परिजनों को पानी की बॉटल का दान किया। दिनभर काम करने वाले मजदूरों के लिए यह बॉटल बहुत उपयोगी होगा। मंडल के सचिव चेतन गोविंद दंडवते ने बताया कि महाराष्ट्र मंडल से जुड़ी मुंबई की निधि सिंघानिया ने अपने पिता स्व. नारायण सिंघानिया की स्मृति में संस्था के साथ पानी की बॉटल दान किया। मकर संक्रांति के अवसर पर जरूरतमंद कामगारों और उनके परिवार के बच्चों को पानी की बॉटल दिया।*



### जोरा में हल्दी-कुमकुम की रही धूम



मकर संक्रांति के अवसर पर महिलाओं द्वारा साईं नगर जोरा में बड़े धूमधाम से हल्दी, कुमकुम का भी आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में कॉलोनी की महिलाओं द्वारा मिलकर भाग लिया गया। इसमें प्रमुख रूप से निशा सोनी, द्रौपदी सूर्यवंशी, नीतू सिंह, मीना ठाकुर, ज्योति मौर्य, अनीता कोस्टा, मधु वर्मा, भाग्यश्री ने भागीदरी निभाई। गीत-संगीत के साथ धनेश्वरी चंद्रा, प्रीतम मोदी, निशा वर्मा आदि ने प्रमुख रूप से सहयोग करते हुए इसे सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए उत्सव का रूप देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। मकर संक्रांति के पावन पर्व को हर साल की तरह इस बार भी धूमधाम से मनाया गया।

### 50 किलो खिचड़ी, पोहा किया दान

*छत्तीसगढ़ अग्रवाल महिला संगठन रायपुर जिला इकाई की महिला मंडल द्वारा मकर संक्रांति के मौके पर **50 किलो खिचड़ी और पोहा दानदान** किया गया। अशोका रतन स्थित शिव, राधा कृष्ण मंदिर के सामने 50 किलो खिचड़ी, पोहा, पुलाव, तिल लड्डू व मुर्रा लड्डू, मूंगफली और पापड़ी, कुरकरे चिप्स, बिस्किट का वितरण गरीब बच्चों को किया गया। गार्ड, कर्मचारियों और आने- जाने वाले राहगीरों में भी इसे वितरण किया गया। प्रचार-प्रसार मंत्री ज्योति अग्रवाल ने बताया कि यह आयोजन संरक्षिका अनिता अग्रवाल के मार्ग-दर्शन में किया गया। जिसमें गंगा अग्रवाल, निधि अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहीं।*



## बोर्ड परीक्षा से पहले स्कूल का आखिरी दिन, दोस्तों संग मस्ती भरे अंदाज में विद्यार्थी







रायपुर। इन दिनों स्कूली विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा की तैयारियों में जुटे हुए हैं। ऐसे में अब स्कूल में बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों को घर पर तैयारी के लिए छुट्टी देने का सिलसिला शुरू हो गया है। प्री-बोर्ड से पहले मोती बाग चौक स्थित सालेम इंग्लिश मीडियम स्कूल के विद्यार्थी अपने साथियों के साथ मस्ती भरे अंदाज में नजर आए। स्कूल की यादों को लंबे समय तक बनाए रखने के लिए सभी दोस्त आपस में मिलकर एक-दूसरे के ड्रेस पर मैसेज और इमोजी बनाते दिखे।

## ठंड के फैशनेबल वियर का बढ़ा ट्रेंड, लेदर, सिमर, डेनिम का चलन

रायपुर। सर्दियों का मौसम चल रहा है, ऐसे में खुद को ठंड से बचाने के अलावा फैशन मेंटेन करने के तरीके भी युवा चाहते हैं। शहर के युवा फैशन डिजाइनर्स ने कॉट्स वूल, डेनिम, लेदर, कलर में ब्राउन-ग्रीन, रेड ब्लैक, ब्रॉउन कॉफी जैसे कलर युवाओं के लिए तैयार किए हैं, जिससे युवा सर्दी के मौसम में दूसरों से हटकर स्टाइलिश दिखें, ठंड के मौसम में फैशनेबल हों और उनकी पर्सनैलिटी भी स्टाइलिश हो, खासकर कॉलेज और ऑफिस जाने वाले युवा ऐसा चाहते हैं। बाजार में इनकी रेंज 1000 से शुरू होकर हजारों रुपए तक है। डिजाइन के हिसाब से अलग-अलग रेंज पैटर्न है।

शहर के युवा डिजाइनर तुषार देवांगन ने बताया कि आजकल फैब्रिक में कॉट्स वूल, डेनिम, सिमर में कुर्ती-पैंट, ओवरकोट, लेदर जैकेट, जो लड़कियों में क्लासिक के साथ डिसेंट कूल लुक के साथ कलर में रेड-ब्लैक, कॉफी, ब्राउन, वार्म और डार्क कलर के कपड़े ज्यादा ट्रेंड में हैं, ये कपड़े गर्म होने के साथ स्टाइलिश लुक भी देते हैं। साथ ही ये फैब्रिक पहनने में एकदम हल्के होते हैं। लड़कियों की ड्रेस 1000 रुपए से शुरू होती है।



### ट्रेंड में क्लासिक ब्लेजर, शादी पार्टी और ऑफिस में भी उपयोगी

शहर के फ्रीलांस ड्रेस डिजाइनर शुभम पन्का बताते हैं, सर्दी में चैक्स पैटर्न के साथ लॉस पेंट विथ जिप शर्ट, वूलेन की हाई-नेक टीशर्ट, टू इन वन पैटर्न के डेनिम के अलावा कलर में ब्राउन ग्रीन, व्हाइट-ब्लू ट्रेंड में है। साथ ही क्लासिक ब्लेजर के साथ नॉर्मल फिट जींस आजकल ट्रेंड में है, जिसे युवा शादी समारोह के साथ-साथ ऑफिस में भी पहन रहे हैं। इसकी कीमत 3000 रुपए से शुरू होती है।

### युवाओं का भा रहा जैकेट स्टाइल बॉम्बर

ड्रेस डिजाइनर दीप टोप्पो बताते हैं, बॉम्बर एक नई स्टाइल है, यह जैकेट की तरह ही होती है, लेकिन इसका फैब्रिक बहुत ही सॉफ्ट और हल्का होता है। सॉफ्ट और हल्का होने के बाद भी यह शरीर को गर्म बनाए रखता है, साथ ही बाहर की हवा अंदर आने से रोकता है। इसके साथ जॉगर पहनने पर बहुत ही कूल लुक मिलता है। बॉम्बर, जॉगर टॉप और बॉटम वेयर का बहुत ही कंफर्टेबल कॉम्बिनेशन है।सॉफ्ट और स्ट्रेचेबल होता है, जो बॉटम में कंफर्ट लेवल को मेंटेन रखता है। शहर में सबसे ज्यादा यही ट्रेंड में है।

**कार्नर न्यूज**

ध्यान भटकाने के लिए मिनी रोबॉट, म्यूजिक मोबाइल, वॉकी-टॉकी का भी प्रयोग

# बच्चों को मोबाइल एडिक्शन से बचाने मुंबई दिल्ली के खिलौने खरीद रहे अभिभावक



रायपुर। इन दिनों माता-पिता की सबसे बड़ी समस्या का कारण मोबाइल फोन बन चुका है। ऐसे में बच्चों को मोबाइल से दूर रखने के लिए परिजन कई हथकंडे अपना रहे हैं। मोबाइल के अधिक प्रयोग से बच्चे मानसिक रूप से खुद को अधिक तनाव में पाते हैं। साथ ही बच्चे आउटडोर एक्टिविटी करने से परहेज करने लगते हैं। ऐसे में मोबाइल एडिक्शन से बचने के लिए बाजारों में विभिन्न प्रकार के खिलौने आने लगे हैं। इन दिनों शहर के कई दुकानों में भारतीय खिलौनों की डिमांड बनी हुई है। परिजन बच्चों को मोबाइल से दूर रखने इसकी सबसे अधिक खरीदी कर रहे हैं। इन दिनों एकल परिवार का चलन बढ़ गया है। जिसके कारण बच्चे परिवार के बुजुर्गों से दूर होते जा रहे। ऐसे में माता-पिता दोनों वर्किंग होने के कारण बच्चों को अधिक समय नहीं दे रहे। दुकान संचालकों ने बताया, बच्चों के मोबाइल एडिक्शन से परेशान होकर माता-पिता अट्रेक्टिव खिलौने खरीद रहे। जिससे मोबाइल से ध्यान दूसरी ओर भटकाया जा सके।







### शहर के दुकानों में अट्रैक्टिव टॉयज कलेक्शन

दुकान संचालक राकेश जैन ने बताया, दुकान में लगभग 1से15 साल तक के बच्चों के लिए खिलौने मौजूद हैं। जिसे भारत के विभिन्न राज्यों से लाया गया है। कुछ साल पहले विदेशों से खिलौनों की खरीदी की जाती थी, लेकिन अब देश में ही खिलौने उपलब्ध हो जाते हैं। ऐसे में डॉल सेट, कार कलेक्शन, वॉकी-टॉकी, म्यूजिकल मोबाइल, टॉय कैमरा, मिनी रोबॉट, फुटबॉल, एयर हॉकी और स्टेशनरी की वस्तुएं डिमांड में हैं।

### पजल्स की तरह खिलौनों की पैकेजिंग




दुकान संचालक संतोष किशोर ने बताया, दुकान में गर्ल और बॉयज के लिए दो डिफ्रेंट कलेक्शन है। गर्ल्स के लिए डॉल होम सेट, किचन सेट, म्यूजिक वर्कब्रैंच जैसे कई हैं। वहीं, बॉयज के लिए मिनी कार टॉय सेट, सोल्जर सेट, पजल्स जैसे कई खिलौने मौजूद हैं। इन खिलौनों के बनावट और रंग को भड़कीला रखा जाता है। साथ ही टॉयज को पजल्स के रूप से पैक किया जाता है, जिससे बच्चे इसे जोड़ने का कार्य सबसे पहले करते हैं। ये खिलौने मोबाइल एडिक्शन से दूर करने एवं माइंड चैंज के लिए बेहतर उपाय है।

सिटी स्पोर्ट्स

## बेसबॉल में छत्तीसगढ़ की टीम ने चंडीगढ़ को हराया




**रायपुर।** राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता मे भाग लेने गए छत्तीसगढ़ के खिलाडियों ने चंडीगढ़ को हराकर जीत से खाता खोला है। महाराष्ट्र के नांदेड़ मे 68 वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता बेसबाल 19 वर्ष बालक बालिका का बुधवार को शुभारम्भ हुआ। पहले दिन बालक वर्ग मे छत्तीसगढ़ और चंडीगढ़ के बीच मैच खेला गया। प्रदेश के स्कूली खिलाड़ियों ने 4-3 से मुकाबला जीत लिया। मैच मे संदीप वर्मा और पवन देवांगन ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। बालक वर्ग ने अपने दूसरे मैच में जम्मू कश्मीर को 10 -00 से हराया। जिसमें अनमोल चतुर्वेदी, तरुण ध्रुव व कोमल ने अपने टीम के लिए रन बनाए। इस तरह अपने पूल के दोनों मैच जीत कर बालक टीम ने क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह बनाई। वहीं बालिका वर्ग की टीम ने अपने पहले मैच में विद्या भारती को 12-00 से हराकर शुरुआत की। जिसमें पायल साखरे, इशिका चौहान, हर्षिता महोबिया और कशिश सोनकर ने अपने टीम के लिए रन बनाएं। बालिका टीम का दूसरा मैच मध्य प्रदेश की बालिका टीम से 16 जनवरी को होगा। 15 से 18 जनवरी तक चलने वाले इस आयोजन मे देशभर से 15 राज्यों की टीमें इसमें शामिल है। छत्तीसगढ़ टीम के साथ कोच अख्तर खान, मृत्युंजय शर्मा, नेहा यादव और अंजली खलको अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

## बीमा कर्मियों की क्रिकेट स्पर्धा में यूनाइटेड इंश्योरेंस विजेता और सर्वेयर्स एसोसिएशन उपविजेता



**रायपुर।** पी एस यू जनरल इंश्योरेंस रिक्रिएशन क्लब द्वारा 11 व 12 जनवरी को क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन जयंती स्टेडियम के पास भिलाई में किया गया। जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र के चारों बीमा कंपनियों नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड व यूनाइटेड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड एवं सर्वेयर्स एसोसिएशन सहित छह टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथिगण चारों कंपनियों के उप महाप्रबंधकगण व मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधकगण अनिल कुमार प्रवीण (उप महाप्रबंधक न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड), एन पी कांकरिया (उप महाप्रबंधक ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड) बी के सिंह (मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक, यूनाइटेड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड) व एस आर राहुल (मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड) रहे। प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन एस आर राहुल (मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड) ने किया।

11 जनवरी को नॉक आउट मुकाबले व 12 जनवरी को सेमीफाइनल व फाइनल मुकाबले रहे। प्रतियोगिता की विजेता यूनाइटेड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड व उप विजेता सर्वेयर्स एसोसिएशन की टीमें रहीं। प्रतियोगिता के दौरान दोनों ही कंपनियों के अधिकारीगण व कर्मचारीगण अपनी अपनी खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन हेतु उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में क्लब से जुड़े सक्रिय सदस्यगण जो बीमा कंपनियों से सेवानिवृत्त हुए उनको शॉल व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

## किरण देव ने राज्य म्यू थाई संघ को संरक्षक की दी सहमति



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ एमेच्योर म्यू थाई एसोसिएशन संरक्षक के रूप में भाजपा राज्य अध्यक्ष किरण सिंह देव ने अपनी सहमति बुधवार को म्यू थाई संघ के प्रतिनिधिमंडल को प्रदान की। इस मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष लखन कुमार साहू और महासचिव अनीस मेमन ने भाजपा राज्य अध्यक्ष किरण सिंह देव को राज्य निर्माण के बाद म्यू थाई खिलाड़ियों की राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियों के बारे में अवगत कराया। दोनों पदाधिकारियों ने छग भाजपा अध्यक्ष को आगे बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के म्यू थाई खिलाड़ी भारत सरकार की अनुमति से भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के माध्यम से एशियन इंडोर गेम्स, एशियन मार्शल आर्ट्स गेम्स, एशियन बीच गेम्स आदि में भारत का प्रतिनिधित्व कर पदक भी जीते हैं। श्री देव ने राज्य के खिलाड़ियों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सहर्ष संरक्षक बनने की सहमति दी। म्यू थाई संघ के प्रतिनिधिमंडल में राज्य म्यू थाई संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू, महासचिव अनीस मेमन, कोषाध्यक्ष हरबंश कौर, विवेकानंद मार्शल आर्ट्स एकेडमी रायपुर के संचालक एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अमन यादव, जगदलपुर से राजेन्द्र सिंह राजपूत, अब्दुल मोइम, बालोद से किशोरनाथ योगी, राजनांदगांव से नमिता निकोषे आदि शामिल थे।

भागदौड़ की जिंदगी में सेहत पर ध्यान देना जरूरी

# आपकी इन आदतों से शरीर में बढ़ता है यूरिक एसिड, जरूरत है खानपान में बड़े बदलाव की

यूरिक एसिड एक ऐसा टॉक्सिक पदार्थ है जो सभी के बॉडी में बनता है। यह वेस्ट मटेरियल होता है जिसे किडनी फिल्टर करके बॉडी से निकाल देती है। हमारे शरीर में यूरिक एसिड तब बनता है, जब शरीर प्यूरीन को तोड़ता है। प्यूरीन शरीर में प्राकृतिक रूप से उत्पन्न होने वाले पदार्थ हैं और यह कुछ खाद्य पदार्थ और पेय पदार्थों में पाए जाते हैं। अगर इसकी मात्रा ब्लड में ज्यादा हो जाती है तो व्यक्ति को गठिया की समस्या होने लगती है। अगर आप का भी यूरिक एसिड हाई हो जाता है तो आप इन चीजों की मदद से इसे नेचुरली कम कर सकते हैं। इस बारे में जानकारी दे रही हैं क्लीनिकल न्यूट्रिशनिस्ट और एजुकेटर लवनीत बत्रा।



### यूरिक एसिड घटाने में मददगार हैं ये फूड्स

केला बहुत कम प्यूरीन वाला फल है वहीं इसमें विटामिन सी भी होता है। इसका सेवन करने से यूरिक एसिड का स्तर कंट्रोल होता है वही किले में पोटेशियम भी होता है यह भी यूरिक एसिड को कंट्रोल करने में मददगार होता है। एक्सपर्ट बताती हैं कि शोध से पता चलता है कि कम वसा वाला दूध और कम वसा वाले दही का सेवन करने से यूरिक एसिड के स्तर को कम करने में मदद मिलती है यह आपके शरीर से यूरिक एसिड को बाहर निकालने में मददगार होता है। वहीं इससे आपके हड्डियों को भी मजबूती मिलती है।

कॉफी का सेवन करने से भी यूरिक एसिड के स्तर को कम करने में मदद मिलती है। दरअसल कॉफी उस एंजाइम से प्रतिस्पर्धा करती है जो शरीर में प्यूरीन को तोड़ता है। यह यूरिक एसिड उत्पादन की दर को काम करता है। साथ ही यह आपके शरीर द्वारा यूरिक एसिड उत्सर्जित करने की दर को भी बढ़ता है।

यूरिक एसिड के स्तर को कम करने के लिए आप डाइट में खट्टे मीठे फल को ऐड कर सकते हैं। आंवला, नींबू, संतरा, पपीता और अनानास जैसे खट्टे फल विटामिन सी से भरपूर होते हैं, इसलिए ये प्राकृतिक रूप से यूक एसिड के उच्च स्तर को कम करने में मदद करते हैं। इसके अलावा आप चेरी,ओट्स, सेब, नाशपाती, स्ट्रॉबेरी, ब्लूबेरी, खीरे, अजवाइन और गाजर जैसे डायटरी फाइबर का सेवन कर सकते हैं। डायटरी फाइबर के सेवन से सीरम यूरिक एसिड कंसंट्रेशन कम होती है।

### दूध का सेवन कितना सही है?

लेकिन वहीं अगर बात करें दूध की तो प्रोटीन का एक अच्छा स्रोत होने के बावजूद इसमें रेड मीट, अंडा जैसे अन्य प्रोटीन स्रोतों की तुलना में प्यूरीन कम मात्रा में पाया जाता है। ऐसे में इसका सेवन यूरिक एसिड की समस्या से पीड़ित लोग के लिए नुकसानदेह नहीं बल्कि काफी हद तक फायदेमंद होता है। जैसे कि दूध और शाकाहार से मिलने वाला प्रोटीन में अतिरिक्त यूरिक एसिड को शरीर से बाहर निकालने में मददगार होता है। इसके अलावा यूरिक एसिड बढ़ने से हाथ-पैर के जोड़ों में जो दर्द की समस्या होती है, इससे निजात दिलाने में कैल्शियम से भरपूर दूध का सेवन फायदेमंद हो सकता है।

इस तरह से देखा जाए तो यूरिक एसिड की समस्या से पीड़ित लोगों के लिए दूध का सेवन आवश्यक है, हां




इसकी मात्रा का जरूर ध्यान रखना चाहिए। दूध में शरीर के लिए जरूरी प्रोटीन पाया जाता है। वहीं बात करें यूरिक एसिड की समस्या से पीड़ित लोगों को किन चीजों के सेवन से परहेज करना चाहिए तो जैसा कि हमने आपको बताया कि पनीर, अंडा, मछली, रेड मीट या व्हाइट मीट जैसे हाई प्रोटीन युक्त आहार में प्यूरीन की मात्रा अधिक होती है। इसके अलावा पालक, मटर, ब्रोकली, मशरूम के साथ अरहर की दाल जैसे शाकाहार में भी भी प्यूरीन अधिक मात्रा में पाया जाता है, जिससे शरीर यूरिक एसिड बढ़ने की समस्या उत्पन्न हो सकती है। इसलिए इस तरह के खाद्य पदार्थों के सेवन से परहेज ही बेहतर है।



## लड़कियां अपनी राशि के अनुसार जरूर पहनें इस धातु के इयररिंग्स

इयररिंग्स खूबसूरती को बढ़ाने का काम करते हैं। वहीं यह जिस भी धातु के होते हैं, उसका पहनने वाले व्यक्ति पर शुभ और अशुभ प्रभाव पड़ता है। इयररिंग्स खूबसूरती को बढ़ाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण मानी जाती है। जो भी इसे पहनता है, उसके जीवन पर इसका अच्छा और बुरा असर भी पड़ता है। वहीं अपनी राशि के अनुसार शुभ धातु के इयररिंग्स धारण करने से शुभ परिणाम भी मिल सकते हैं। क्योंकि किसी भी धातु का संबंध ग्रह से होता है। अब ऐसे में सभी राशियों को अपनी राशि के अनुसार किसी धातु का इयररिंग्स पहनना चाहिए। इसके बारे में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं।



### मेष राशि वालों के लिए इयररिंग्स

मेष राशि के जातकों को सोने या तांबे से बनी हुई इयररिंग्स पहननी चाहिए। इसे मंगलवार के दिन पहनना शुभ माना जाता है। क्योंकि इस राशि स्वामी मंगल (मंगलदोष उपाय) हैं। इससे मंगलदोष से छुटकारा मिल सकता है।

### वृषभ राशि

जिस भी जातक की राशि वृषभ है। उसे चांदी से बनी इयररिंग्स लकी साबित हो सकती है। इसे आप शुक्रवार के दिन धारण कर सकते हैं। इससे शुक्रदोष से छुटकारा मिल सकता है।

### मिथुन राशि

मिथुन राशि के जातकों के स्वामी ग्रह बुध हैं। इसलिए इस राशि के जातकों को पन्ना और कांसा के इयररिंग्स पहनना शुभ फलदायी साबित हो सकता है। इससे बुधदोष से छुटकारा मिल सकता है।

### कर्क राशि

कर्क राशि के जातकों को चांदी और मोती से बनी हुई इयररिंग्स धारण करना चाहिए। इसे आप सोमवार के दिन पहन सकते हैं। इससे शुभ फलों की प्राप्ति हो सकती है।

### सिंह राशि

सिंह राशि के जातकों के स्वामी सूर्य हैं। इसलिए इस राशि के जातकों को पीतल और सोने का इयररिंग्स पहनना चाहिए। यह बेहगद लकी साबित हो सकती है।

### कन्या राशि

कन्या राशि के जातकों के स्वामी ग्रह बुध है। इसलिए इस राशि के जातकों को पन्ने का इयररिंग पहनना चाहिए।

### तुला राशि

तुला राशि के जातकों चांदी का इयररिंग पहनना बेहद शुभ माना जाता है। इससे आपको हर क्षेत्र में सफलता मिल सकती है।

### वृश्चिक राशि

वृश्चिक राशि के जातकों के स्वामी मंगल देव हैं। इसलिए इस राशि के जातकों को सोना और तांबे से बनी इयररिंग पहनना चाहिए। इससे धन वृद्धि हो सकती है।

### धनु राशि

धनु राशि के जातकों को सोना और पीतल के धातु का इयररिंग पहनना चाहिए। क्योंकि इस राशि के स्वामी बृहस्पति हैं। इससे आपको कभी किसी भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### मकर राशि

मकर राशि के जातकों को नीलम का इयररिंग पहनना चाहिए। इसे खासकर शनिवार के दिन पहनें। इससे आपको कभी किसी प्रकार के दोष का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### कुंभ राशि

कुंभ राशि के जातकों को नीलम का इयररिंग पहनना चाहिए। इसके अलावा आप हीरे का इयररिंग पहन सकते हैं।

### मीन राशि

मीन राशि के जातकों के स्वामी देव गुरु (गुरु मंत्र) बृहस्पति हैं। इसलिए इस राशि के जातकों को सोना और पीतल का इयररिंग पहनना शुभ होता है।

## 20 राज्यों की आर्किटेक्ट टीमों के बीच क्रिकेट बैडमिंटन और टेबल टेनिस के मुकाबले आज से

**रायपुर।** द इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ आर्किटेक्ट्स द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित आर्किटेक्ट्स के लिए वार्षिक खेल प्रतियोगिता इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ आर्किटेक्ट्स प्रीमियर लीग (आईआईएपीएल) के तहत इस वर्ष छत्तीसगढ़ के रायपुर शहर में 16 जनवरी से 19 जनवरी तक राष्ट्रीय प्रतियोगिता होगी। इस आईआईएपीएल में क्रिकेट, बैडमिंटन, एवं टेबल टेनिस जैसे खेल पुरुष एवं महिला वर्ग के मुकाबले होंगे।

- शाम 6 बजे उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओ पी चौधरी के आतिथ्य में होगा उद्घाटन

इस वर्ष इस प्रतियोगिता में देशभर के 20 राज्यों से आर्किटेक्ट्स विभिन्न खेलो में शिरकत कर रहे है। इसमें आंध्रप्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उडीसा, झारखण्ड, तमिलनाडु, पंजाब, राजस्थान, उत्तरप्रदेश प्रमुख रूप से शामिल है।

प्रतियोगिता में क्रिकेट के लीग एवं क्वार्टर फ़ाइनल मैच हेतु रायपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट ग्राउंड (मैग्नेटो मॉल के पीछे), रियाज क्रिकेट ग्राउंड(सेरीखेड़ी), सेकरेसा क्रिकेट ग्राउंड( डब्ल्यूआरएस कॉलोनी) एवं कांगेर वेली स्कूल ग्राउंड (टाटीबंध) का चयन किया गया है। क्रिकेट का सेमीफाइनल एवं फाइनल शहर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में आयोजित किया गया है। महिला क्रिकेट टीम में 6 राज्यों से टीमें शिरकत कर रही है जिनमे प्रमुख रूप से कर्नाटक, केरल, उडीसा, राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ की टीमें शामिल है। इस हेतु रियाज़ क्रिकेट अकडेमी ग्राउंड का चयन किया गया है। बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन एरीना स्पोर्ट्स क्लब, मोवा में किया गया है।

द इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ आर्किटेक्ट्स छत्तीसगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष आर्किटेक्ट सौरभ रहाटगांवकर ने बताया कि इस प्रीमियर लीग का शुभारम्भ 16 जनवरी को शाम 7 बजे होटल बेबीलोन इंटरनेशनल में होगा जिसमे सभी टीमें अपने स्टेट टीम की जर्सी में मार्च पास्ट करेंगी। उद्घाटन में विशेष रूप से उपमुख्य मंत्री विजय शर्मा, आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी और पूर्व राष्ट्रीय हॉकी खिलाडी नीता डूमरे उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा आर्किटेक्ट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष जितेन्द्र मेहता एवं अन्य सदस्य गण उपस्थित रहेंगे। उद्घाटन समारोह में छत्तीसगढ़ के लोकनृत्यों के द्वारा छत्तीसगढ़ की संस्कृति को प्रस्तुत किया जायेगा। प्रीमियर लीग का समापन समारोह 19 जनवरी को शाम 7 बजे होटल बेबीलोन इंटरनेशनल में किया जाएगा। इसमें विशेष रूप से युवा एवं खेल मंत्री टंकराम वर्मा और पूर्व अंतराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाडी राजेश चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।



### सफल आयोजन के लिए बनाई कमेटियां

17 जनवरी को सुबह 8 बजे से 4 क्रिकेट ग्राउंड्स में होटल से लीग मैचेस खेलने के लिए टीमें रवाना होंगी। 18 जनवरी को इन्ही 4 ग्राउंड्स पर लीग मैचेस एवं क्वार्टर फाइनल मैचेस आयोजित किये जाएंगे। 19 जनवरी को सुबह सेमीफइनल एवं फ़ाइनल मैच का आयोजन इंटरनेशनल क्रिकेट ग्राउंड पर आयोजित किया जाएगा एवं 19 जनवरी की रात में होटल बेबीलोन इंटरनेशनल में पुरूस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस संपूर्ण आयोजन में विशेष सहभागिता नया रायपुर डेवलपमेंट अथॉरिटी की रहेगी। इस भव्य आयोजन की सफलता हेतु इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ आर्किटेक्ट्स छत्तीसगढ़ चैप्टर के द्वारा 50 से ज़्यादा वास्तुविदों की विभिन्न कमिटी का गठन किया गया है।

## बिना तेल के झटपट तैयार करें पोहा वड़ा



जब भी हमारा कुछ लाइट खाने का मन करता है, तो हम पोहा बनाकर खा लेते हैं। मगर इस बार ब्रेकफास्ट में पोहा से वड़ा बनाने की यह रेसिपी ट्राई करें, यकीनन आपको यह डिश अच्छी लगेगी। एक बाउल में पानी डालकर पोहा छानकर अच्छी तरह से भिगोकर रख दें। साथ ही आलू के छिलके उतारकर टुकड़ों में काटें और गैस पर हल्की आंच पर उबालने के लिए रख दें। जब आलू उबल जाए, तो चम्मच की मदद से मैश कर लें। मैश करने के बाद इसमें पोहा भी डाल दें। अगर आप चाहें तो पोहे को भी मैश कर सकते हैं। अब ऊपर बताए गए सभी मसाले जैसे- नमक, लाल मिर्च पाउडर, चाट मसाला, प्याज, हरी मिर्च, हरा धनिया और बारीक कटा हुआ हरा धनिया डालकर मिलाएं।

अब कॉर्न फ्लेक्स डालें और अच्छी तरह से मिलाएं। इस दौरान स्टीमर तैयार कर लें। इसके लिए गैस पर पानी भरकर एक पतीली रखें और अगर आप चाहें तो नमक भी डाल सकते हैं। पानी को गर्म करें और जब पानी गर्म हो जाए, तो ऊपर से छलनी रखें। अब पोहा के छोटे- छोटे वड़ा बनाएं और एक-एक करके छलनी के ऊपर रख दें, ताकि वड़ा भाप में आसानी से पक जाएं।

## जूडो के 2 खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

**रायपुर।** पं रविशंकर विश्वविद्यालय की जूडो पुरूष/महिला टीम 09 से 12 जनवरी तक गुरू नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर में आयोजित उत्तर–पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए आल इंडिया के लिए क्वालीफाई किया। खेल संचालक डॉ. रीता वेणुगोपाल ने बताया कि आल इंडिया प्रतियोगिता में टॉप 16 खिलाड़ियों को शामिल किया जाता है।



जिसमें रविशंकर विश्वविद्यालय के जूडो पुरुष टीम के खिलाड़ी प्रियांशु नेताम ने 73 किलो वजन वर्ग ग्रुप में 12 वे रैंक, हर्ष वर्मा ने +100 किलो वजन वर्ग ग्रुप में 7वां रैंक हासिल किया। सभी क्वालाफाई करने वाले खिलाड़ी गुरू नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर में ही 15 से 17 जनवरी तक आयोजित ऑल इंडिया प्रतियोगता में भाग ले रहे हैं।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## जंगल की आग से आस्कर के आयोजन पर संकट के बादल



लॉस एंजेलिस में लगी आग के बीच 2025 के एकेडमी अवॉर्ड्स को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। द सन की एक हालिया रिपोर्ट में बताया गया है कि आग के कारण 97वें एकेडमी अवॉर्ड्स को रद्द किए जाने की कगार पर रखा गया है। हालांकि, अगर ऐसा होता है कि यह 96 साल में पहली बार होगा जब, ऑस्कर अवॉर्ड्स को रद्द किया जाएगा। लॉस एंजिल्स की धधकती आग रुकने का नाम नहीं ले रही है। ऐसे में खतरा बना हुआ है। दक्षिणी कैलिफोर्निया के लॉस एंजिल्स में लगी भयंकर आग विकराल रूप ले चुकी है। हजारों लोगों को रिहायशी इलाकों से निकालकर सुरक्षित स्थानों पर ले जा गया है। लॉस एंजिल्स में लगी आग में कई मशहूर हस्तियों के घर जले हैं। बॉलीवुड सितारे भी सोशल मीडिया पर अपना दुखा जाहिर कर रहे हैं और वहां की स्थिति के बारे में अपडेट अपने फैंस के साथ साझा कर रहे हैं। जंगल में लगी आग ने हॉलीवुड के पुरस्कार समारोह को बाधित कर दिया है, जिससे क्रिटिक्स चॉइस अवाड्र्स और प्रोड्यूसर्स गिल्ड अवाड्र्स नॉमिनेशन जैसे कार्यक्रम काफी प्रभावित हुए हैं। यही नहीं, डचेस ऑफ ससेक्स की नेटफ्लिक्स सीरीज लव, मेघन की रिलीज को भी स्थगित कर दिया गया है। यह सीरीज अब 15 जनवरी के बजाय 4 मार्च को प्रीमियर होगी। खबरों की मानें को एक सोर्स ने बताया है, इस समय सभी लोगों की चिंता यह नहीं है कि ऑस्कर अवॉड्र्स तय समय पर हो, बल्कि लोगों का मानना है कि लॉस एंजिल्स के लोग एक भारी नुकसान से होकर गुजर रहे हैं।

### टॉलीवुड

## गेम चेंजर पर निर्देशक ने तोड़ी चुप्पी, बताई अपनी मजबूरियां



संक्रांति स्पेशल के तौर पर रिलीज हुई राम चरण की फिल्म ''गेम चेंजर' को दर्शकों और आलोचकों दोनों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है। इसी बीच फिल्म के निर्देशक शंकर ने फिल्म को लेकर अपनी राय व्यक्त की है। निर्देशक शंकर की फिल्म ''गेम चेंजर' 10 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसके बाद से ही फिल्म के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन पर प्रशंसक अपनी नजरें बनाए हुए हैं। वहीं अब ''गेम चेंजर' ' के निर्देशक शंकर ने फिल्म रिलीज के बाद इसके बॉक्स ऑफिस कलेक्शन पर अपने विचार व्यक्त किए हैं। एक इंटरव्यू के दौरान एस शंकर ने 'गेम चेंजर' के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को लेकर अपनी निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि समय की कमी के वजह से उन्हें कई प्रभावशाली सींस को काटना पड़ा। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि मूल फुटेज पांच घंटे से अधिक समय तक चली, लेकिन फिल्म को फिर से सही करने के लिए महत्वपूर्ण हिस्सों को काट दिया गया।

इस फिल्म में बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी मुख्य भूमिका में हैं, जबकि अंजलि, एसजे सूर्या और श्रीकांत ने भी महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं। दिल राजू द्वारा निर्मित और थमन द्वारा संगीतबद्ध फिल्म की संक्रांति बॉक्स ऑफिस रिलीज अभी भी लगातार जारी है। 'गेम चेंजर'को तेलुगु, हिंदी, कन्नड़, मलयालम और तमिल भाषा में रिलीज किया जा चुका है। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन एस. शंकर ने किया है और इसका निर्माण श्री वेंकटेश्वर क्रिएशंस ने किया है। 'गेम चेंजर' का नाम शुरू में आरसी15 रखा गया था क्योंकि यह चरण की 15वीं फिल्म थी। बाद में इसका नाम 'गेम चेंजर'रखा गया। फिल्म की शूटिंग अक्टूबर 2021 में शुरू हुई और जुलाई 2024 में खत्म हुई।

### भोजपुरी

## 'कल्लू' की मजेदार फिल्म 'मुझे मेरी बीवी से बचाओ' में घर बैठे मनोरंजन



अरविंद अकेला 'कल्लू', मणि भट्टाचार्य और रक्षा गुप्ता की मजेदार भोजपुरी फिल्म 'मुझे मेरी बीवी से बचाओ' अब आप घर बैठे देख सकते हैं। इस रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म के वर्ल्ड टीवी प्रीमियर और ओटीटी रलीज की तारीख की घोषणा हो गई है। भोजपुरी सिनेमा में युवा दिलों की धड़कन अरविंद अकेला कल्लू के फैंस के लिए खुशखबरी है। राजकिशोर प्रसाद (राजू) के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में अरविंद अकेला 'कल्लू' के साथ मणि भट्टाचार्य और रक्षा गुप्ता की तिकड़ी है। प्रोड्यूसर विनय सिंह, डॉ. संदीप उज्जवल और सुशांत उज्जवल की फिल्म 'मुझे मेरी बीवी से बचाओ' का वर्ल्ड टीवी प्रीमियर 11 जनवरी 2025 की शाम को 6 बजे 'भोजपुरी' सिनेमा चैनल पर हुआ। अगले ही दिन 12 जनवरी को भी सुबह 9 बजे से यह चैनल पर प्रसारित हो गई। साथ के साथ आप इसे 'दंगल प्ले' ऐप पर भी देख सकते हैं।

'मुझे मेरी बीवी से बचाओ' एक फिल्म मनोरंजक फिल्म है, जिसमें कॉमेडी के साथ रोमांस भी है। कहानी में कल्लू के किरदार ने दो शादियां की है और इस फेर में फंस चुका है। कल्लू कहते हैं, 'फिल्म मजेदार है और इस वीकेंड इसे जरूर अपने परिवार के साथ देखें। बेहद मजा आने वाला है।' डायरेक्टर राज किशोर प्रसाद कहते हैं, 'यह एक पारिवारिक फिल्म है।

### कैटवॉक के साथ जश्न

लाइफ स्टाइल



फ्रांसीसी फैशन हाउस बाल्मेन ने क्रिएटिव डायरेक्टर ओलिवियर रूस्टिंग के कार्यकाल की 10वीं वर्षगांठ का जश्न कैटवॉक शो के साथ मनाई गई। जिसमें नाओमी कैंपबेल, पूर्व फ्रांसीसी प्रथम महिला कार्ला ब्रूनी, मिला जोवोविच और नतालिया वोडियानोवा सहित कई सेलिब्रिटी मॉडल शामिल थे। मॉडल सीन नदी के किनारे एक खचाखच भरे म्यूजिक हॉल के मंच पर शरीर के पैच दिखाने के लिए कटे हुए कपड़ों में, जंजीरों से लिपटे और बोल्ड-शोल्डर जैकेट या ट्रेंच कोट पहने हुए थे।

## मिल्क पाउडर से चमकाएं चेहरा, खिल उठेगा रूप



अगर आप मिल्क पाउडर की मदद से अपना चेहरा चमकाना चाहते हैं तो सबसे पहले चेहरे की क्लीजिंग करनी है। इसके लिए एक कटोरी में आधा चम्मच मिल्क पाउडर में एक चम्मच कच्चा दूध मिलाना है। अब इस पेस्ट को दस मिनट के लिए चेहरे पर लगाएं और हल्के हाथ से मसाज करें। ऐसा करने से आपकी त्वचा की डेड स्कन हटने लगेगी। चेहरे को क्लीन करने के बाद स्टीमर की मदद से आप स्टीम ले सकती हैं।


इससे आपकी त्वचा के पोर्स खुल जाएंगे। स्टीम त्वचा को हाइड्रेट करने में भी मददगार रहती है। इस स्टेप के बाद आपको मिल्क पाउडर की मदद से ही चेहरे की स्क्रबिंग करनी है। इसके लिए बस आधा चम्मच मिल्क पाउडर को दो चम्मच कच्चा दूध और एक चम्मच चावल का आटा मिलाएं।

इससे अपने चेहरे पर अच्छे से स्क्रब करें। चेहरे पर स्क्रब करने के बाद एक कटोरी में मिल्क पाउडर लेकर उसमें थोड़ा सा शहद और नारियल का तेल डालें। अब इसको अपने चेहरे पर अच्छी तरह से लगा लें। दस मिनट के बाद चेहरे की मसाज करें। सबसे आखिर में आपको अपने चेहरे पर फेसपैक लगाना है। मिल्क पाउडर से फेसपैक बनाने के लिए आपको बस एक कटोरी में दो चम्मच मिल्क पाउडर, एक चम्मच चंदन पाउडर, एक चम्मच बेसन, दही और आधा चम्मच शहद मिलाना है। इसके बाद इस पेस्ट को अपने चेहरे पर 15 मिनट के लिए लगाएं और फिर चेहरा धो लें। इस पूरी प्रक्रिया करने के बाद आपका चेहरा खिल उठेगा।

## रॉयल लुक के लिए शामिल करें इन खास रंगों के कपड़े



फैशन





जैसे-जैसे साल बदलते हैं, उसी हिसाब से फैशन भी बदलता रहता है। ऐसे में सबसे बड़ी परेशानी उन लोगों के सामने आ खड़ी होती है, जो हमेशा ट्रेंड के हिसाब से ही कपड़े पहनते हैं। चाहे पार्टी हो या फिर ऑफिस जाना हो, उनका अंदाज हमेशा हटकर ही होता है।

अगर आप भी उन्हीं लोगों में शामिल हैं और आपको कंफ्यूजन है, कि किन रंगों के कपड़े आपको रॉयल लुक देंगे तो ये लेख आपके लिए है। आज के लेख में हम आपको बताएंगे, किस तरह से कपड़ों के पैटर्न के साथ-साथ आपको उनके रंगों पर भी खास ध्यान रखना चाहिए। अगर आप अपने कपड़े के रंगों का ध्यान रखेंगी तो आपका लुक हमेशा क्लासी और रॉयल दिखेगा।

दरअसल, कुछ रंग ऐसे होते हैं, जो देखने में ही काफी क्लासी लगते हैं और उन्हें पहनकर लुक काफी रॉयल दिखता है। ऐसे में अगर आप भी रॉयल लुक कैरी करना चाहती हैं तो अपने कलेक्शन में इन रंगों के कपड़ों को जरूर शामिल करें। ये आपको खूबसूरत दिखने में मदद करेंगे।

**पेस्टल रंग:** इस तरह की साड़ियां आजकल काफी चलन में हैं। अगर बात करें पेस्टल रंगों की तो ये रंग पहनकर आप अपना रॉयल अंदाज दिखा सकती हैं। पेस्टल रंग में आपको सूट से लेकर साड़ी तक आसानी से मिल जाएंगे।

**रॉयल ब्लू:** ये एक ऐसा रंग है, जो हर किसी पर जचता है। ऐसे में इसका ट्रेंड कभी पुराना नहीं होता। यही वजह है कि हर किसी को रॉयल ब्लू रंग का आउटफिट पसंद आता है। अगर आपके पास इस रंग के कपड़े नहीं हैं, तो आज ही इसे अपने कलेक्शन में शामिल करें।

**एमरॉल्ड ग्रीन:** हरे रंग का ये शेड काफी डार्क होता है। ज्यादातर लोग इसे शादी-विवाह के समय पहनना पसंद करते हैं। इस रंग के साथ लाइट मेकअप भी क्लासी लगता ह

**पर्पल:** वैसे तो आजकल पर्पल के कई शेड ट्रेंड में हैं, लेकिन आप इस तरह का डीप पर्पल अपने कलेक्शन में जरूर शामिल करें। ये आपको क्लासी लुक देने का काम करता है।

## खास मौके पर सूट के साथ ट्राई करें विशेष सिंपल हेयर स्टाइल


शादी और पार्टी का सीजन चल रहा है। ऐसे में अगर आप सूट पहनने की सोंच रही और सबसे अलग दिखना चाहती हैं तो आगे बताए गए हेयर स्टाइल को ट्राई कर सकती हैं।

### सेंटर पार्टीशन के साथ साइड पफ

अगर आप अपनी फ्रेंड के संगीत वाले फंक्शन में सूट वियर कर रही हैं तो आप ओपन हेयर रख सकती हैं। इसके लुक को एन्हांस करने के लिए इसके साथ आप सेंटर पार्टीशन कर सकती हैं। अगर आपका चेहरे गोल शेप का है तो आप पार्टीशन वाले एरिया में दोनों साइड से थोड़ा पफ कर सकती हैं। ये आपके चेहरे की खूबसूरती में चार चांद लगे देगा।

### हाई बन कर सकती हैं ट्राई

आप अगर खुले बाल में कंफोर्टेबल नहीं रहती और वेडिंग में यूनिक भी दिखना चाहती हैं तो आप हाई बन ट्राई कर सकती हैं। एथनिक आउटफिट खासकर सूट के साथ हाई बन काफी स्टालिश लगता है। हालांकि थोड़ा एलिगेंट टच देने के लिए आप आगे की लटें भी बाहर निकाल सकती हैं। ये हेयर स्टाइल(जुड़ा हेयर स्टाइल)



आपको बेहद स्टाइलिश और ट्रेंडी लुक देगा।

### हाफ टाई हेयर रहेगा बेस्ट

एथनिक ड्रेस पर सिंपल हाफ टाई हेयरस्टाइल बना सकती हैं। पंजाबी सूट, फ्रॉक सूट, शरारा और गरारा जैसे ट्रेडिशनल ड्रेस(ब्राइडल बन) पर भी ये हेयर स्टाइल काफी अच्छी लगती है।

### लूज बन में भी दिखेंगी एलिगेंट

संगीत-मेहंदी जैसे फंक्शन में अगर आप अनारकली या शरारा सूट पहन रही हैं और अपने बालों को कुछ स्टाइलिश लुक देने की सोंच रही तो आप लूज बन बना सकती हैं।

## लॉन्ग कोट डिजाइंस को अपनी वॉर्डरोब में कीजिए शामिल, दिखेंगी स्टाइलिश

सर्दियों में लड़कियां सबसे ज्यादा लॉन्ग कोट के साथ ड्रेस पहनना पसंद करती हैं। लेकिन इसके लिए आप डिजाइंस का खास ध्यान रखना चाहिए।

### लेसअप लॉन्ग कोट

पार्टी हो या फिर कोई फंक्शन हम उसमें जानें के लिए अक्सर अलग-अलग डिजाइंस के ड्रेस ऑप्शन को ट्राई करते हैं। इसके साथ पहनने के लिए हमें कुछ ऐसी कम्फर्टेबल चीज भी चाहिए होती है जिससे हम सर्दियों में बच सके। ऐसे में आप लेसअप लॉन्ग कोट को वियर कर सकती हैं। ये दिखने के साथ-साथ पहनने में भी काफी स्टाइलिश लगता है। इसमें आपको काफी सारे अच्छे-अच्छे ऑप्शन भी मिल जाते हैं। जिसे आप शॉट ड्रेस यहां तक की जींस और टॉप के साथ भी स्टाइल कर सकती हैं। मार्केट में यह आपको 1000 से 2000 रुपये में मिल जाएगा।

### चेक डिजाइन लॉन्ग कोट

अगर आप कहीं घूमने जा रही हैं और वहां पर ड्रेस के ऊपर के लिए लॉन्ग कोट सर्च कर रही हैं तो इसे ट्राई



(सलवार सूट डिजाइंस) कर सकती हैं। इसमें आपको चेक डिजाइन वाला लॉन्ग कोट मिलेगा। जिसे वियर करके आप काफी स्टाइलिश लगेंगी। आप चाहे तो इसके साथ फैंसी बेल्ट को वियर कर सकती हैं और एक परफेक्ट वेकेशन लुक क्रिएट कर सकती हैं। मार्केट में यह आपको 1000 से 2000 रुपये में मिल जाएंगे।

### कार्नर न्यूज

### फैशन के हिसाब से जींस खरीदें, लेकिन लुक का भी ध्यान रखें

## जींस में दिखना है एक्स्ट्रा स्मार्ट तो खरीदने से पहले ध्यान दें जरूरी टिप्स पर, होगी तारीफ

*जींस एक बहुत ही आम पहनावा बन चुका है। हर उम्र के लोग इसे पहन रहे हैं। लेकिन अफसोस की ये सब पर बेस्ट लुक नहीं देती है। दरअसल लोग जींस फैशन के हिसाब से खरीदते हैं। जबकि जींस फैशन के हिसाब से नहीं बल्कि बॉडी पर सही फिटिंग के हिसाब से चुनी जानी चाहिए। चुनाव के कुछ तरीके और भी हैं। सही जींस कैसे चुनी जा सकती है, तरीके हम बताते हैं।*



### बॉडी शेप को पहचानें

जींस लेने से पहले अपने बॉडी टाइप और आकार को पहचानना जरूरी होता है। लेकिन जींस के हिसाब से खुद को फिट करने के लिए अपने बॉडी टाइप की जानकारी जरूरी होती है।

अगर आप लंबे और पतले हैं तो आपके ऊपर स्किनी और स्ट्रेट लेग जींस फिट आएगी।पियर शेप बॉडी पर कर्वी फिट जींस अच्छी लगेगी।अगर कमर पर मोटापा ज्यादा है तो हाई राइज जींस पहनें। इससे कमर छोटी और थोड़ी पतली दिखेगी।

### जो कभी न हो आउट ऑफ फैशन

जींस का वो पैटर्न खरीदें, जो कभी आउट ऑफ़ फैशन नहीं होता है। जैसे हाईराइज जींस या स्ट्रेट लेग जींस। जबकि बूटलेग्स जैसे जींस का फैशन हमेशा नहीं आता है।

### सबसे अच्छा फैब्रिक

जींस का सबसे अच्छा फैब्रिक वो होता है जो पहले टच में ही सॉफ्ट लगे। साथ में इसमें थोडा स्ट्रेच भी हो लेकिन ये शेपलेस न हो। इस तरह की क्वालिटी की जींस खरीद कर आप सालों तक इसे इस्तेमाल कर पाएंगे। हो सकता है ऐसे फैब्रिक में जींस थोड़ी महंगी मिले



लेकिन ये आपका साथ लंबे समय तक देगी।

### ट्रेडिशनल ब्लू डेनिम है परफेक्ट

जींस का ट्रेडिशनल ब्लू कलर हमेशा वाला कलर है। ये कई सारे रंगों के साथ मैच होता है तो हर फैशन ट्रेंड का हिस्सा भी होता है। इसको पार्टी वियर अपर के साथ भी पहना जा सकता है तो कैजुअल आउटिंग के साथ भी। इसके साथ ब्लैक डेनिम भी ऐसा कलर है जो काफी मौकों पर पहना जा सकता है। रात वाले मौकों पर तो ये बहुत ही अच्छी लगती है।